

सब का सपना

निष्पक्ष व निडर - हिंदी दैनिक समाचार पत्र



एसपी अमरोहा ने किया यातायात माह नवम्बर-2026 का शुभारम्भ, पेज: 3

फिल्म ओम में दमदार पुलिस अफसर के किरदार में पेज: 8

वर्ष : 02 | अंक : 208 | सोमवार 02 नवंबर 2026 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 2 रुपए

नोएडा एनकाउंटर में मारा गया 50 हजार का इनामी अमन त्यागी

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के नोएडा के सेक्टर-126 में पुलिस के साथ मुठभेड़ में 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश अमन त्यागी मारा गया। पुलिस ने बताया कि त्यागी रणदीप भाटी गैंग का सक्रिय सदस्य था और उसके खिलाफ हत्या, लूट, रंगदारी तथा गैंगस्टर एक्ट सहित 20 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज थे। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में गोली लगने से दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि सेक्टर-126 थाना पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रही थी कि तभी बाइक सवार एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उसने रुकने के बजाय पुलिस दल पर गोलीबारी शुरू कर भागने लगा। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश को गोली लगी, जिसके बाद नोएडा के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित किया। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान मुजफ्फरनगर जिले के छपार गांव निवासी अमन त्यागी के रूप में हुई है।

पंजाब में आप को दोहरा झटका : दो विधायकों ने छोड़ी पार्टी

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) को 2027 विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा झटका लगा है। पार्टी के दो विधायकों, हरमीत सिंह पठानमाजरा और चेतन सिंह जौरामाजरा, ने अपनी प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस घटनाक्रम ने आप के चुनावी समीकरणों पर सवाल खड़े किए हैं। हरमीत सनौर विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते थे, जबकि चेतन सिंह जौरामाजरा समाना सीट से विधायक थे। दोनों विधायकों ने अलग-अलग तरीकों से पार्टी छोड़ने की घोषणा की। हरमीत सिंह ने अपना इस्तीफा सीधे आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भेजा और तत्काल प्रभाव से पार्टी छोड़ने का ऐलान किया। वहीं, पंजाब सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री रह चुके चेतन सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी सदस्यता त्यागने की जानकारी दी। उन्होंने पंजाब में आप अध्यक्ष अमन अरोड़ा को संबोधित कर अपना इस्तीफा भेजा। यह इस्तीफा तब आया है जब आप ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव के लिए 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। हालांकि, इस सूची में सनौर और समाना सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित नहीं किए गए थे, जिन पर अब ये दोनों विधायक काबिज नहीं रहे। इस घटनाक्रम से पंजाब में आप की चुनौतियां बढ़ने की संभावना है।

चंडीगढ़ ने 140 दिनों में हासिल की 85 फीसदी दोषसिद्धि दर, ट्रैफिक जाम से भी मुक्त: अमित शाह

चंडीगढ़: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को चंडीगढ़ पुलिस के 60वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पुलिस लाइन में आयोजित हीरक जयंती समारोह में गृह मंत्री ने पुलिस परेड का निरीक्षण करने के साथ मार्च पास्ट की सलामी ली। इसके साथ ही चंडीगढ़ पुलिस को राष्ट्रपति की ओर से स्वीकृत प्रतिष्ठित प्रेसिडेंट्स कलर भी प्रदान किया। अमित शाह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, चंडीगढ़ पुलिस को राष्ट्रपति निशान से अलंकृत किया जाना छह दशकों की सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता का सम्मान है। इस अवसर पर चंडीगढ़ पुलिस के सभी वीर शहीदों को नमन करता हूं। कर्तव्य पालन के लिए अपने प्राणों का बलिदान देना पूरे पुलिस बल के लिए गर्व की बात है। 1966 से आज तक चंडीगढ़ पुलिस ने अथक प्रयासों से देश के पुलिस बलों के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखने का काम किया है। इसके लिए चंडीगढ़ पुलिस के सभी जवानों को हार्दिक शुभकामनाएं। गृह मंत्री ने कहा,घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई और प्रभावी रिस्पॉन्स टाइम के मामले में चंडीगढ़ पुलिस आज देश में दूसरे स्थान पर है। आज 141 नए वाहनों के चंडीगढ़ पुलिस के बेड़े में शामिल होने से उसकी कार्यक्षमता और आपातकालीन सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इन आधुनिक संसाधनों के बल पर चंडीगढ़ पुलिस रिस्पॉन्स टाइम के मामले में देश में प्रथम स्थान हासिल करेगी। उन्होंने कहा, शिवालिक पर्वतमाला की तलहटी में बसा चंडीगढ़ देश के सबसे सुनियोजित शहरों में गिना जाता है। लेकिन जब आतंकवाद का दौर आया, तो चंडीगढ़ भी उससे अछूता नहीं रहा। उस कठिन समय में चंडीगढ़ पुलिस ने अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम की पराकाष्ठा का परिचय दिया। अपने शौर्य, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा से चंडीगढ़ पुलिस ने शहर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा एवं शांति सुनिश्चित करने का काम किया। पुलिस का दायित्व नागरिकों को सुगम और सुलभ सेवाएं उपलब्ध कराना है। चंडीगढ़ पुलिस ने विभिन्न ऐप्स और आधुनिक तकनीकी मॉडलों के माध्यम से ऐसी व्यवस्था को धरातल पर उतारा है, जिससे नागरिकों को पुलिस सेवाओं के लिए थाने जाने की आवश्यकता ही न पड़े। इस सराहनीय पहल के लिए चंडीगढ़ पुलिस को विशेष बधाई देता हूं। चंडीगढ़ देश में प्रति व्यक्ति सर्वाधिक वाहनों वाले शहरों में शामिल है, फिर भी यहां यातायात व्यवस्था सुचारू रहती है। मैं यहां गृह मंत्री बनने से पहले और बाद में भी आया, लेकिन कभी ट्रैफिक जाम नहीं देखा। यहां क्विक रिस्पॉन्स टीम क्यूआरटी का रिस्पॉन्स टाइम मात्र 10 मिनट और पुलिस का घटनास्थल पर पहुंचने का समय महज 4 मिनट है। यह अन्य प्रदेशों के पुलिस बलों के लिए प्रेरणादायक है। चंडीगढ़ ने मात्र 140 दिनों में 85 फीसदी दोषसिद्धि दर हासिल की है। यदि देशभर में न्याय संहिताओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो, तो नागरिकों को न्याय के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई न्याय संहिताओं की शुरूआत भी चंडीगढ़ से की थी और अंग्रेजों के बनाए तीन कानूनों को तिलांजलि देकर कानून आगे बढ़ा।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई न्याय संहिताओं की शुरूआत भी चंडीगढ़ से की थी और अंग्रेजों के बनाए तीन कानूनों को....

अखिलेश का शाह पर पलटवार: जमीन ही नहीं... पैर कहां रखोगे?

राज्य में 1 लाख 27 हजार हिंदू मतदाताओं के नाम काट दिए

नई दिल्ली , एजेंसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित वोट चोरी के खिलाफ रैली को संबोधित कर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अंगद के पैर वाले बयान पर तीखा पलटवार किया। अखिलेश ने कहा, जो लोग अंगद का पैर कहने की बात करते हैं, उन्हें समझना चाहिए कि जब जमीन ही नहीं बची है तब पैर कहां रखेंगे?

अखिलेश यादव ने भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधकर आरोप लगाया कि देश में एक करोड़ से अधिक हिंदू मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश का जिक्र कर दावा किया कि राज्य में 1 लाख 27 हजार हिंदू मतदाताओं के नाम काट दिए गए, जिससे हर विधानसभा में करीब 31 हजार वोटों की कमी हुई। सपा मुखिया ने कहा कि हार का ठीकरा किसी और पर फोड़ने की कोशिश की जा रही है, लेकिन यूपी वाले उन्हें करारा जवाब देकर सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएंगे।



सपा प्रमुख ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का उल्लेख किया, जहां उन्होंने वोट लूटे जाने और चुनाव से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से धांधली का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 2022 में उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार न बनने का कारण भी वोट चोरी थी। अखिलेश ने भाजपा पर कटाक्ष कर कहा कि जो लोग विश्वगुरु बनने की बात करते थे, वे मतदाता सूची में चोरी करते हैं।

सपा नेता यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन रुकने वाला नहीं है और लोकतंत्र को बचाने का अभियान उत्तर प्रदेश से शुरू होगा। उन्होंने रामलीला मैदान को लोकतंत्र की हल्दीघाटी करार देकर कहा कि यहां से एक नया इतिहास लिखा जा रहा है और परिवर्तन कभी भी आ सकता है। अखिलेश ने चेतावनी दी कि अगली पीढ़ी भाजपा द्वारा लगाए गए हर लाठी और दिए गए हर जख्म का बदला लेगी, जिससे भाजपा खुद को बचा नहीं पाएगी।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के डबल इंजन सरकार के दावे पर परोक्ष रूप से कटाक्ष कर अखिलेश यादव ने कहा कि उन्हें खुशी है कि काशी की जनता ने एमएलसी चुनाव में भाजपा को डबल जीरो दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने चंडीगढ़ जैसी चाल चलने की कोशिश की लेकिन असफल रही। अखिलेश ने भाजपा पर लगातार साजिशें और षड़यंत्र करने का आरोप लगाकर कहा कि वे जनता के बीच में नहीं जीत सकते, इसलिए चुनाव के माध्यम से हेरफेर का रास्ता अपनाते हैं।

एसआईआर के मुद्दे को लेकर कांग्रेस राज्यों में अलग-अलग रुख अपना रही

- दिल्ली में रैली से पहले ओवैसी ने नीतियों और नीयत पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की ओर से आयोजित विशाल रैली से ठीक पहले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कांग्रेस पर हमला बोला। ओवैसी ने मतदाता सूची एसआईआर के मुद्दे को लेकर कांग्रेस की नीतियों और नीयत पर सवाल उठाते हुए उस पर दोहरा रवैया अपनाने का गंभीर आरोप लगाया है। कर्नाटक में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा कि कांग्रेस एसआईआर के मुद्दे पर अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग रुख अपना रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कर्नाटक सरकार के एक मंत्री सतीश जारकीहोली एसआईआर की तारीफ कर रहे हैं और इसे बेहतर बता रहे हैं, जबकि दूसरी तरफ पार्टी के अन्य नेता इसका विरोध कर रहे हैं। ओवैसी ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर कोई एक स्पष्ट नीति नहीं है और देश के अलग-अलग हिस्सों में उसके नेता अलग-अलग धुन बजा रहे हैं। ओवैसी ने आगे कहा कि दिल्ली में कांग्रेस एसआईआर का विरोध कर रही है, लेकिन हैदराबाद में उसके स्थानीय नेता खुद चुनाव आयोग के पास जाकर मतदाताओं के नाम हटाने की मांग करते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पार्टी का अपना रुख स्पष्ट नहीं है, तो वह जनता को भ्रमित करने का काम कर रही है। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब कांग्रेस मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ रैली कर रही है। उधर, दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी रैली को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। क्षेत्र में 4,000 से ज्यादा पुलिसकर्मियों और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 270 कंपनियों को तैनात किया गया है। पूरे रूट पर नजर रखने के लिए 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सुरक्षाबलों ने मिंटो रोड से लेकर रामलीला मैदान तक कड़ा पहरा लगा रखा है ताकि रैली के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रहे।

नड्डा का इंडिया गठबंधन पर हमला: कांग्रेस के पाप में सहभागिता पर उठाए सवाल

इंडिया गठबंधन की रैली कांग्रेस पार्टी के पतन के ताबूत में आखिरी कील

नई दिल्ली , एजेंसी। केंद्रीय मंत्री और पूर्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इंडिया गठबंधन की हालिया मेगा रैली पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने गठबंधन के सभी सहयोगी दलों से सीधे सवाल किया है कि क्या वे भी कांग्रेस पार्टी के उस पाप में शामिल हैं, जिसमें हमारे सिख भाइयों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया था? केंद्रीय मंत्री नड्डा ने स्पष्ट रूप से कहा कि दिल्ली के व्यापारियों को बर्बाद करने के पाप में भी कांग्रेस भागीदार है, और अब इंडिया गठबंधन के सदस्य इस देश के लोगों से नफरत करने लगे हैं, सिर्फ भाजपा के प्रति अपनी गहरी नफरत के चलते है।

बीजेपी नेता नड्डा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाकर कहा कि वे विदेश जाकर भारत का अपमान करते हैं और देश में आकर भारत के लोकतंत्र तथा अर्थव्यवस्था पर हमला करते हैं। भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि कांग्रेस और राहुल गांधी का एकमात्र मकसद देश का विकास नहीं, बल्कि अराजकता और तबाही फैलाना है। उन्होंने कांग्रेस को चेतावनी देकर कहा कि भारत की जनता अब उनके धोखे में नहीं आने वाली, क्योंकि अराजकता फैलाने के लिए उनकी टूलकिट पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है।

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने राहुल गांधी को 1 नवंबर के काले इतिहास और दिल्ली के व्यापारियों के आंसूओं के लिए अपनी जवाबदेही से न बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतंत्र है, जहां संविधान और जनता का जनादेश चलेगा, न कि दंगा-भड़काने वाली राजनीति कामयाब होगी। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने भविष्यवाणी की कि इंडिया गठबंधन की यह रैली कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक पतन के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी। इससे पहले भी, जेपी नड्डा राहुल गांधी पर संवैधानिक संस्थाओं, जैसे चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट, को कमजोर करने का आरोप लगा चुके हैं। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस और राहुल गांधी चुनाव जीतने पर अपनी काबिलियत का बखान करते हैं, लेकिन हारने पर चुनाव आयोग को दोष देते हैं, जो उनकी राजनीति की एक चिर-परिचित शैली बन गई है।



सीएम फडणवीस का कांग्रेस पर करारा हमला: आपातकाल में हुई थी संविधान चोरी

मुंबई , एजेंसी । महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। विपक्ष के वोट चोरी के आरोपों पर पलटवार कर सीएम फडणवीस ने कांग्रेस पर आपातकाल के दौरान संविधान चोरी करने और देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया। ठाणे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित लोकतंत्र बचाओ मार्च को संबोधित कर उन्होंने दावा किया कि जो लोग वोट चोरी का शोर मचाते हैं, असल में वे ही संविधान चोर हैं।

मुख्यमंत्री देवेंद्र ने वर्ष 1975 के आपातकाल का जिक्र कर कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निर्वाचन को रद्द करने संबंधी इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के बाद, कांग्रेस सरकार ने न्यायपालिका को उनके चुनाव की जांच करने से रोकने के लिए पूर्वव्यापी संवैधानिक संशोधन लाए। उन्होंने आरोप लगाया कि इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ही वह पहली पार्टी थी जो कि संविधान, न्यायपालिका और देश के लोकतंत्र को कमजोर किया। फडणवीस ने 42वें संविधान संशोधन का हवाला देकर कहा कि कांग्रेस सरकार ने सुनियोजित तरीके से मौलिक अधिकारों की सुरक्षा करने वाले प्रावधानों को कमजोर कर दिया था, जिन्हें 1977 में जनता पार्टी के सत्ता में आने के बाद बहाल किया गया।



सीएम फडणवीस ने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय ताकतें और सोशल मीडिया एल्गोरिदम देश में अराजकता फैलाने के लिए गलत सूचनाएं फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने मतदाता सूचियों से अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के नाम हटाए जाने को लेकर विपक्ष की चिंता पर निशाना साधकर कहा कि भाजपा अंतिम घुसपैठिए का नाम हटाए जाने तक अपना संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत का उल्लेख कर कहा कि महाराष्ट्र में राष्ट्रीय आदर्शों के लिए बलिदान की समृद्ध परंपरा रही है। सीएम फडणवीस ने कहा कि भाजपा का लोकतंत्र बचाओ मार्च एक बड़े संघर्ष की शुरुआत है और पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण तक नहीं रुकेगी।



हम आपको 20 अगस्त, 2010 का एक घटनाक्रम बताते हैं। तब केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी। डा. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे और मीरा कुमार लोकसभा स्पीकर थीं। उस दिन लोकसभा की कार्यवाही स्थगित हो चुकी थी, लेकिन सरकार के समर्थक दलों के 60 से अधिक सांसद लोकसभा हॉल में ही मौजूद थे। उनमें सपा के मुलायम सिंह यादव, राजद के लालू प्रसाद यादव, जनता दल-यू के शरद यादव समेत उन सांसदों ने एक 'नकली संसद' का आयोजन किया। अंग्रेजी में इसे 'मॉक पार्लियामेंट' कहते हैं। उसकी कृत्रिम कार्यवाही के मद्देनजर लालू यादव को 'प्रधानमंत्री' बनाया गया और वे सभी सांसद 'ट्रेजरी सीटों' पर बैठ गए। दिलचस्प यह है कि तत्कालीन भाजपा संसदीय दल के उपनेता गोपीनाथ मुंडे को 'कृत्रिम स्पीकर' की भूमिका दी गई। यह दीगर है कि पार्टी आलाकमान ने उन हरकतों के लिए मुंडे को खूब फटकार लगाई। कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। उस 'नकली संसद' का आयोजन कैबिनेट द्वारा पारित किए गए सांसद वेतन, भत्ते आदि के बिल और 'मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया' बिल के विरोध में किया गया था। यह ड्रामा करने वाले सांसद चाहते थे कि उनका वेतन ज्यादा बढ़ाया जाए। बहरहाल तत्कालीन स्पीकर मीरा कुमार को जब उस नाटक की जानकारी मिली, तो उन्होंने 'नकली संसद' के आयोजकों को फटकार लगाई, निराशा व्यक्त की और उसे 'असंसदीय' तथा 'असंवैधानिक' आचरण करार दिया। आज उसी मीरा कुमार ने 'एक और नकली संसद' की अध्यक्षता की है, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार गुप्ता के खिलाफ महाभियोग के 'जन-संस्करण' पर चर्चा तय की गई थी। यह 'नकली संसद' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सरकारी आवास पर आयोजित की गई। यदि 2010 का आचरण और आयोजन 'असंसदीय' और 'असंवैधानिक' था, तो कांग्रेस का यह नाटक भी गलत और आपत्तिजनक है। क्या मौजूदा स्पीकर ओम बिरला कांग्रेस नेता से स्पष्टीकरण मांगेंगे? क्या नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी इस संदर्भ में 'असंसदीय' करार दिए जा सकते हैं? बेशक कांग्रेस का यह प्रयास कुंठित और निराशाजनक है, क्योंकि संसद का 'नकली संस्करण' पेश नहीं किया जा सकता। संसद सड़क पर नहीं लाई जा सकती। पहले यह आयोजन 'अशोका होटल' में किया जाना था, लेकिन दिल्ली पुलिस ने अनुमति नहीं दी। बेशक सीईसी या किसी अन्य संवैधानिक पदासीन व्यक्ति के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव संसद में लाने को कांग्रेस और विपक्ष स्वतंत्र हैं। उन्हें संसदीय अधिकार भी प्राप्त हैं, लेकिन लोकसभा में स्पीकर और राज्यसभा में सभापति (देश के उपराष्ट्रपति) को भी विशेषाधिकार हैं कि वे ऐसे प्रस्ताव स्वीकार करें या उन्हें खारिज कर दें।

उसे चुनौती नहीं दी जा सकती। इसी साल मार्च-अप्रैल में भी कांग्रेस और 'इंडी गठबंधन' के दलों ने सीईसी के ही खिलाफ 'महाभियोग' प्रस्ताव के नोटिस दिए थे। जितने सांसदों के हस्ताक्षर होने अनिवार्य हैं, उनसे अधिक ही दस्तखत कराए गए थे, लेकिन उन नोटिसों और प्रस्ताव को 'विचारणीय' नहीं माना गया, लिहाजा खारिज कर दिए गए। कांग्रेस इस निर्णय की कुछ भी व्याख्या करे। अब नए सिरे से ये प्रस्ताव संसद में ही पेश किए जा सकते हैं। चूंकि 'महाभियोग' एक संसदीय और संवैधानिक प्रक्रिया है, लिहाजा उस पर संसद में ही विचार किया जा सकता है। संसद में न्यायाधीश के खिलाफ भी महाभियोग प्रस्ताव पेश किए जा चुके हैं, लेकिन आज तक यह प्रस्ताव पारित नहीं किया जा सका है, क्योंकि यह बेहद लंबी और पेचीदा प्रक्रिया है। उसका नकली संस्करण स्वीकार्य नहीं है, लिहाजा यह आयोजन दंडनीय भी होना चाहिए। राहुल गांधी लोकसभा चुनाव, 2024 के बाद से ही 'वोट चोरी' का मुद्दा उठाते रहे हैं। बिहार चुनाव के दौरान यह 'चरम' पर था, लेकिन कांग्रेस के हिस्से मात्र 6 विधायक ही आए। उसके बाद हरियाणा, महाराष्ट्र, बंगाल, असम आदि के विधानसभा चुनावों को भी 'वोट चोरी' माना जाता है और खड़गे यहां की सरकारों को 'चोरी की सरकारें' करार देते हैं। यह मुद्दा सर्वोच्च अदालत में भी कई बार उठा है, अदालत ने विपक्ष से 'वोट चोरी' के सबूत मांगे हैं, लेकिन नहीं दे पाए। राष्ट्रपति को भी ज्ञापन सौंपा था, उन्होंने भी सबूत मांगे थे, आज तक उपलब्ध नहीं करा पाए। अब 1 नवंबर को कांग्रेस-इंडी गठबंधन की जो रैली होनी है, उसका बुनियादी मुद्दा भी यही है। रैली से पहले 'हवा' बनाने के लिए 'नकली संसद' का आयोजन किया गया। इस राजनीति का क्या औचित्य है?

चिंतन-मनन

विश्वास की ताकत

एक अंग्रेज अफसर अपनी नवविवाहिता पत्नी के साथ जहाज में सवार होकर सफर पर निकला। रास्ते में समुद्र में जोर का तूफान आया। मुसाफिर घबरा उठे। पर वह अंग्रेज अफसर जरा भी नहीं घबराया। उसकी पत्नी भी व्याकुल हो गई थी। उसने अपने पति से पूछा-इतना खतरनाक तूफान आया है। सबकी हालत खराब है। पर आप इतना निश्चिंत कैसे बैठे हैं?
यह सुनते ही उस अफसर ने म्यान से तलवार निकाली और पत्नी के सिर पर रखकर पूछा- क्या तुम्हें डर लग रहा है? पत्नी बोली-मेरी बात का जवाब न देकर आप यह क्या खेल कर रहे हैं? अफसर ने फिर पूछा- बताओ, तुम्हें डर लग रहा है या नहीं? पत्नी ने कहा- मुझे भला क्यों डर लगेगा? मुझे पता है आप मेरी जान नहीं लेंगे क्योंकि आप मेरे दुश्मन नहीं हैं। आप तो मुझे अपनी जान से ज्यादा चाहते हैं। फिर मैं क्यों डरूं?

आवश्यकता है

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

डिजिटल ठगी पर बैंकों की जवाबदेही जरूरी



कांतिलाल मांडोत



डिजिटल तकनीक ने जीवन को जितना आसान और सुविधाजनक बनाया है, उतना ही इसके दुरुपयोग ने आम नागरिकों के सामने नई चुनौतियां भी खड़ी कर दी हैं। आज मोबाइल फोन और इंटरनेट के माध्यम से घर बैठे बैंकिंग, खरीदारी, भुगतान और आर्थिक लेनदेन संभव हो गया है, लेकिन इसी सुविधा का लाभ उठाकर साइबर अपराधी लोगों की मेहनत की कमाई पर हाथ साफ कर रहे हैं। डिजिटल ठगी अब केवल तकनीकी समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह देश की आर्थिक सुरक्षा, नागरिकों के विश्वास और बैंकिंग व्यवस्था की विश्वसनीयता से जुड़ा गंभीर सवाल बन चुकी है। आए दिन साइबर धोखाधड़ी की घटनाएं समाचारों की सुर्खियां बनती हैं। कभी डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लाखों रुपये ठग लिए जाते हैं तो कभी बैंक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, सीबीआई या अन्य जांच एजेंसियों का अधिकारी बनकर लोगों को भयभीत किया जाता है।

सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि आखिर इतनी जागरूकता के बावजूद पढ़े-लिखे लोग भी साइबर अपराधियों के जाल में कैसे फंस रहे हैं? मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान यहां तक कहा कि मोबाइल पर किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। यदि कोई इस तरह डराता है तो मोबाइल दीवार पर मार दीजिए, डिजिटल अरेस्ट अपने आप खत्म हो जाएगा। उनकी यह टिप्पणी केवल व्यंग्य नहीं, बल्कि समाज को सचेत करने वाला संदेश है। कानून की जानकारी रखने वाले और शिक्षित नागरिक भी जब फर्जी गिरफ्तारी, जांच और कानूनी कार्रवाई के भय से अपनी जमा पूंजी ठगों को सौंप देते हैं तो यह चिंता का विषय बन जाता है।

डिजिटल अरेस्ट साइबर अपराध का ऐसा तरीका है जिसमें ठग स्वयं को पुलिस, सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय या अन्य सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर किसी व्यक्ति को फोन अथवा वीडियो कॉल के माध्यम से डराते हैं। उसे किसी गंभीर अपराध में शामिल होने की झूठी कहानी सुनाई जाती है। फिर गिरफ्तारी, पूछताछ और कानूनी कार्रवाई का भय दिखाकर लगातार निगरानी में रखा जाता है। पीड़ित व्यक्ति को परिवार और परिचितों से बात करने तक से रोका जाता है। इसी मानसिक दबाव में वह अपनी बैंक जमा पूंजी अपराधियों के खातों में स्थानांतरित कर देता है। वास्तविकता यह है कि भारत में डिजिटल माध्यम से किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। किसी भी सरकारी एजेंसी की कार्रवाई निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के अनुसार ही होती है।

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की सबसे महत्वपूर्ण चिंता बैंकों की जवाबदेही को लेकर है। अदालत ने संकेत दिया है कि यदि बैंक की लापरवाही के कारण डिजिटल ठगी होती है तो बैंक को मुआवजा देने के लिए निर्देशित करने पर विचार किया जा सकता है। यह विचार साइबर अपराध के विरुद्ध लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। अभी तक अधिकांश मामलों में ठगी का शिकार होने वाला व्यक्ति ही अपनी रकम वापस पाने के लिए बैंक, पुलिस और साइबर अपराध शाखा के चक्कर लगाता रहता है। कई बार शिकायत दर्ज होने के बावजूद धनराशि वापस नहीं मिल पाती। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि जब बैंक ग्राहकों की जमा पूंजी की सुरक्षा और आर्थिक लेनदेन की निगरानी के लिए जिम्मेदार हैं तो संदिग्ध गतिविधियों के समय उनकी जवाबदेही क्यों तय नहीं होनी चाहिए?

बैंकिंग व्यवस्था में प्रत्येक ग्राहक के खाते से होने वाले लेनदेन का रिकॉर्ड उपलब्ध रहता है। किसी खाते में अचानक असामान्य रूप से बड़ी रकम जमा होना, कुछ ही मिनटों में कई खातों में धनराशि स्थानांतरित होना अथवा सामान्य व्यवहार से अलग लेनदेन होना संदेह पैदा करने के पर्याप्त कारण हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी असामान्य लेनदेन की स्थिति में बैंकों की जिम्मेदारी और पुलिस को सूचना देने की आवश्यकता पर जोर दिया है। अदालत ने म्यूल अकाउंट्स पर विशेष ध्यान देने की बात कही है। ऐसे खाते साइबर अपराधी दूसरे लोगों के नाम पर खुलवाकर या उनके बैंक खातों का दुरुपयोग करके ठगी की रकम को आगे भेजने के लिए इस्तेमाल करते हैं। इन खातों पर समय रहते निगरानी हो तो अपराधियों के नेटवर्क को कमजोर किया जा सकता है।

बैंकों को केवल लेनदेन पूरा करने वाली संस्था समझना पर्याप्त नहीं है। उन्हें ग्राहकों की आर्थिक सुरक्षा का सक्रिय प्रहरी भी बनना होगा। संदिग्ध लेनदेन की पहचान के लिए आधुनिक तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रभावी निगरानी व्यवस्था को मजबूत करना समय की मांग है। यदि किसी ग्राहक के खाते में अचानक असामान्य गतिविधि दिखाई देती है तो बैंक को तत्काल ग्राहक से संपर्क करना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर संदिग्ध लेनदेन को रोकने और संबंधित पुलिस अधिकारियों को सूचना देने की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही बैंक कर्मचारियों को भी साइबर अपराध के नए तरीकों के प्रति प्रशिक्षित करना आवश्यक है।

साइबर अपराध पर नियंत्रण के लिए केवल बैंक और पुलिस की जिम्मेदारी तय करना पर्याप्त नहीं होगा। नागरिकों को भी अपनी जागरूकता बढ़ानी होगी। किसी अनजान व्यक्ति को मोबाइल पर बैंक संबंधी जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड या व्यक्तिगत विवरण नहीं देना चाहिए। किसी भी सरकारी अधिकारी के नाम पर फोन करके पैसे की मांग की जाए तो उस पर विश्वास नहीं करना चाहिए। किसी भी प्रकार की धमकी मिलने पर घबराने के बजाय परिवार के सदस्यों और संबंधित अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए। साइबर ठगी होने पर तुरंत बैंक को सूचित करके राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप इस दिशा में उम्मीद जगाता है कि डिजिटल ठगी के मामलों में अब केवल पीड़ित नागरिक की परेशानी नहीं, बल्कि बैंकिंग संस्थाओं की जिम्मेदारी भी गंभीरता से तय होगी। अटॉर्नी जनरल की ओर से अदालत को बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद डिजिटल अरेस्ट के मामलों में कमी आई है, लेकिन देश को अब भी साइबर अपराध के कारण भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह स्थिति बताती है कि जागरूकता अभियान के साथ कठोर निगरानी और प्रभावी जवाबदेही भी आवश्यक है। डिजिटल भारत का सपना तभी सार्थक होगा जब नागरिकों का डिजिटल व्यवस्था पर भरोसा सुरक्षित रहेगा। तकनीक विकास का माध्यम बने, भय और ठगी का हथियार नहीं। बैंकिंग संस्थाओं को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और साइबर अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट की पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण चेतावनी है कि ग्राहक की मेहनत की कमाई की सुरक्षा केवल उसकी निजी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि बैंकिंग व्यवस्था की भी जवाबदेही है।

तीर्थयात्रियों के जीवन पर भारी पड़ रही है हेलीकॉप्टर यात्रा



मनोज कुमार अग्रवाल

भारत में वर्ष पर्यन्त धार्मिक अनुष्ठान पूजा स्नान पर्व त्यौहार व यात्राओं का सिलसिला जारी रहता है जैसे विज्ञान की तरक्की हो रही है धार्मिक स्थलों की यात्रा जो कालांतर में पथरीली पहाड़ियों से पद यात्रा करते हुए बहुत जटिल और दुर्गम परिस्थितियों में की जाती रहीं अब यातायात के आधुनिक परिवहन साधनों के जरिए की जाने लगीं है इसी के चलते अब सम्पन्न लोगों के लिए हेली सर्विस धार्मिक स्थलों की सुगम यात्राएं कराने लगी हैं । लेकिन इनमें सुरक्षा इंतजाम में जबरदस्त खामी और नियमों का उल्लंघन लगातार दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है। हाल ही में 30 अक्टूबर को हुए हादसे में जोशीमठ इलाके में धार्मिक पर्यटन कर रहे चौपर सवार छह श्रद्धालुओं की दुखद मौत ने एक बार फिर हैलीकॉप्टर सेवा दे रही कंपनियों द्वारा बरती जा रही अनियमितता और भारी लापरवाही को अनावृत कर दिया है।

भारत में धार्मिक पर्यटन जैसे चारधाम यात्रा, वैष्णो देवी और अमरनाथ यात्रा के दौरान पिछले कुछ वर्षों में कई दुखद हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं हुई हैं। हिमालयी क्षेत्रों का अचानक बदलता मौसम, खराब दृश्यता और कठिन भौगोलिक परिस्थितियां इन हादसों का मुख्य कारण रही हैं।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अकेले उत्तराखंड में साल 2016 से 2026 के बीच 12 हेलीकॉप्टर हादसे हो चुके हैं, जिनमें 21 लोगों की जान गई है।

उत्तराखंड के केदारनाथ और बदरीनाथ धाम के रूट पर सबसे ज्यादा हादसे दर्ज किए गए हैं।

आपको बता दें कि 30 अक्टूबर 2026 जोशीमठ/बदरीनाथ धाम से देहरादून लौट रहा ट्रांस भारत एविएशन का एक निजी हेलीकॉप्टर खराब मौसम और बर्फबारी के बीच चमोली जिले में हाथी पर्वत (चाई गांव) के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में पायलट सहित 6 लोगों की मौत हो गई।

15 जून 2025 केदारनाथ घाटी आर्यन एविएशन का बेल 407 हेलीकॉप्टर केदारनाथ से गुप्तकाशी लौटते समय गौरीकुंड (गौरीमाई खर्क) के पास घने बादलों के कारण पहाड़ी से टकरा गया। इस हादसे में पायलट और एक बच्चे समेत 7 लोगों की जान चली गई।

18 अक्टूबर 2022 केदारनाथ धाम से उड़ान भरने के महज 5-6 सेकंड बाद ही एक हेलीकॉप्टर तकनीकी खराबी और खराब विजिबिलिटी के कारण क्रैश हो गया, जिसमें 7 श्रद्धालुओं की मौत हुई थी।

मई 2025 देहरादून से हर्षिल यमुनोत्री मार्ग जा रहा एक और बेल 407 हेलीकॉप्टर पहाड़ी से टकराया, जिसमें 6 पर्यटकों की मौत हो गई थी।

जम्मू-कश्मीर माता वैष्णो देवी यात्रा नवंबर 2015 के हादसे में माता वैष्णो देवी के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं को ले जा रहा एक निजी हेलीकॉप्टर कटरा में टेक-ऑफ के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। शुरुआती जांच में पता चला था कि रोटर (पंखे) से एक गिद्ध के टकराने के कारण हेलीकॉप्टर में आग लग गई थी। इस हादसे में एक महिला पायलट समेत 7 लोगों की मौत हो गई थी।

2026 जोशीमठ (बदरीनाथ मार्ग) ट्रांस भारत एविएशन का हेलीकॉप्टर खराब मौसम और बर्फबारी से प्रभावित दृश्यता के चलते पांच श्रद्धालुओं और एक पायलट की मौत हो गई।

2025 गौरीकुंड सोनप्रयाग (केदारनाथ मार्ग) आर्यन एविएशन घने बादल और कम दृश्यता के कारण छह तीर्थयात्रियों एक बच्चा और एक पायलट की मौत हो गई थी।

8 मई 2025 को हर्षिल (यमुनोत्री मार्ग) पर खराब मौसम के कारण पहाड़ी से टकरा कर चौपर गिरने से पांच महिला श्रद्धालुओं और पायलट की मौत हो गई।

18 अक्टूबर 2022 को केदारनाथ घाटी आर्यन एविएशन के चौपर में तकनीकी खराबी और कोहरा के चलते छल श्रद्धालु और एक पायलट की मौत हो गई।

अप्रैल 2018 में केदारनाथ हैलीपेड पर लेंडिंग के दौरान वायुसेना के मालवाहक चोपर के क्रश हो जाने से एक मौत व तीन जख्मी हुए।

23 नवंबर 2015 कटरा सांझीछत वैष्णो देवी पर पक्षी (गिद्ध) का टकराना और आग लगना छह श्रद्धालुओं और एक महिला पायलट का जीवन लील गया।

सुरक्षा को लेकर उठाए गए कदम सिर्फ कागजो पर चल रहे हैं।

लगातार हो रहे हादसों के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने सुरक्षा नियमों को काफी कड़ा कर दिया है। अब खराब मौसम की स्थिति में उड़ानों को तुरंत स्थगित करने का दावा किया जाता है, हेलीकॉप्टरों के अंदर इन-कैब कैमरे अनिवार्य किए जा रहे हैं, और नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के पूरे बेड़े को ग्राउंड करने जैसी सख्त कार्रवाई की जा रही है।

इस के बावजूद हेली हादसे बता रहे हैं कि तमाम नियम कानून और निर्देश सिर्फ कागज़ पर चल रहे हैं और एविएशन कंपनी अधिक लाभ कमाने के लालच में असामान्य परिस्थितियों में भी चौपर उड़ान करा पायलट और श्रद्धालु यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रही है।

राज्यसभा में प्रस्तुत सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2020 से 2025 के बीच पूरे भारत में कुल 12 बड़े हेलीकॉप्टर हादसे हुए हैं, जिनमें कम से कम 30 लोगों की मौत हुई है।

इन आँकड़ों से पता चलता है कि उत्तराखंड में सबसे ज्यादा हादसे सामने आ रहे हैं। कुल 12 बड़े हादसों में से 7 दुर्घटनाएं अकेले उत्तराखंड में हुई हैं, और देश भर में हुई 30 मौतों में से 21 मौतें यानि करीब 70त्न इसी राज्य में हुई हैं।

जबकि अन्य राज्यों में इसी अवधि में महाराष्ट्र में 4 हेलीकॉप्टर क्रैश हुए जिनमें 7 लोगों की जान गई, और छत्तीसगढ़ में 1 दुर्घटना हुई जिसमें 2 लोगों की मौत हुई। उत्तराखंड में (2016 से 2026) पिछले 10 वर्षों (2016-2026) के दौरान अकेले उत्तराखंड में लगभग 13 हेलीकॉप्टर घटनाएं जिनमें जानलेवा हादसे और इमरजेंसी लैंडिंग शामिल हैं जिनसे वहां कुल 27 से अधिक लोगों की जान गई है।

सरकार को इन तमाम हादसों से सबक लेना चाहिए और एविएशन कंपनियों को नियमों का पालन करने और मनमानी पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

इसराइल: ध्वस्त हुआ नेतन्याहू के अपराजित होने का मिथक



इज़राइल के 2026 के संसदीय आम चुनावों के नतीजों के आने बाद देश में एक बार फिर राजनीतिक गतिरोध की स्थिति बन गई है और किसी भी गुट को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। ग़ौरतलब है कि इस्राईल की 120 सदस्यों वाली नेसेट अर्थात संसद में सरकार बनाने और पूर्ण बहुमत हासिल करने के लिए 61 सीटों की आवश्यकता होती है। परन्तु प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिकुड पार्टी व अन्य सहयोगी दक्षिणपंथी दलों के गठबंधन को कुल 53 सीटें मिली हैं। जबकि इसमें उनकी स्वयं की लिकुड पार्टी को 27 सीटें मिली हैं। 27 सीटें जीतकर लिकुड पार्टी संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर तो ज़रूर उभरी है परन्तु इसके बावजूद नेतन्याहू का दक्षिणपंथी गठबंधन बहुमत के जादुई आंकड़े यानी 61 सीटों तक नहीं पहुँच सका और बहुमत से 8 सीटें कम रह गया। बेंजामिन नेतन्याहू का कहना था कि उनका उद्देश्य एक मज़बूत दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सरकार बनाना है। इस चुनाव का एक और आकर्षण अरब नेतृत्व वाली पार्टियां का 19 सीटों पर जीत दर्ज करना भी है । अरब लोग इस्राईल की कुल जनसंख्या का क़रीब 21 प्रतिशत हैं। इस्राईल के इतिहास में यह अरब पार्टियों का अब तक का ऐतिहासिक व सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। जबकि गादी आइज़नकोट का मुख्य विपक्षी गठबंधन 48 सीटें जीत पाया है। माना जा रहा है कि किसी भी बड़े गठबंधन को बहुमत न मिलने के कारण अब इस्राईल में सरकार बनाने के गठबंधन की जोड़-तोड़ और बातचीत का लंबा दौर चल सकता है । निश्चित रूप से इन चुनाव परिणामों ने इस्राइली समाज के गहरे मतभेद उजागर किए हैं। इस्राईल में हुआ यह चुनाव कितना महत्वपूर्ण था इसका अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें यहूदी और अरब दोनों ही मतदाताओं की ओर से रिकॉर्ड संख्या में मतदान में हिस्सा लिया गया। इसके अतिरिक्त अनेक मतदाताओं ने हज़ारों डॉलर खर्च कर विदेशों से आकर मतदान में हिस्सा लिया। नेतन्याहू की पार्टी व उनके नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी गठबंधन को पूर्ण बहुमत हासिल न होने के पीछे जो मुख्य कारण माने जा रहे हैं उनमें एक तो यह कि यह चुनाव एक ऐसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुये जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग चुके हैं। इसके अतिरिक्त नेतन्याहू पर 7 अक्तूबर से पहले इस्राईल की रक्षा करने में नाकाम रहने का भी आरोप है। विपक्षी नेताओं व समाज के एक बड़े वर्ग द्वारा इसकी जांच की मांग भी होती रही है, लेकिन नेतन्याहू इस जांच के लिए कभी तैयार नहीं हुये। इसलिये इस्राईली समाज का एक बड़ा वर्ग 7 अक्तूबर की घटना को एक सुनियोजित व सत्ता प्रायोजित साज़िश के संदेह से भी इनकार नहीं करता। अब इस्राईल में नई सरकार बनाने को लेकर भी तरह तरह के क़यास लगाये जा रहे हैं। इतने अलग-अलग विचारों और राजनीतिक हितों को एक सरकार के रूप में साथ लाना अब इस्राईल की राजनीति के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। सरकार बनाने के लिये क्या नेतन्याहू अपने धार्मिक सहयोगियों को छोड़कर विपक्षी गुट के दक्षिणपंथी नेताओं के साथ गठबंधन बनाने के लिए तैयार होंगे? और क्या वे नेता, जो लंबे समय से नेतन्याहू के विरोधी रहे हैं, उनके साथ सरकार में शामिल होने के लिए तैयार होंगे? क्या विपक्षी गठबंधन अपने चुनावी वादों का बड़ा हिस्सा छोड़कर नेतन्याहू को सत्ता से बाहर करने के लिए अरब पार्टियों के साथ सहयोग करने को तैयार है? और क्या अरब पार्टियां ऐसी सरकार में शामिल होने का जोखिम उठाएंगी, जो कुछ ही महीनों में गिर सकती हो ? यह सवाल इस्राईल के राजनैतिक भविष्य के लिये सबसे महत्वपूर्ण हैं।

इस बीच इस्राइल के वरिष्ठ वामपंथी डेमोक्रेट नेता यायर गोलान ने विपक्षी गुट से अरब पार्टियों के साथ साझेदारी करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि हमें अब नेतन्याहू द्वारा यहूदी और अरब वोटों के बीच किए जा रहे नस्लवादी विभाजन को स्वीकार नहीं करना चाहिए। चुनाव परिणामों और विश्लेषकों के रुख़ को देखें तो यह स्पष्ट है कि नेतन्याहू की कट्टर, ध्रुवीकरण करने वाली और अत्यधिक आक्रामक छवि ने उन्हें गंभीर राजनीतिक नुक़सान पहुँचाया है। अक्टूबर 2023 के हमास हमलों के बाद से इस्राइल लगातार युद्ध की स्थिति में है। नेतन्याहू ने ईरान, गज़ा और लेबनान में सैन्य सफलताओं को भुनाने की कोशिश भी की। लेकिन देश की जनता का एक बड़ा हिस्सा लगातार जारी युद्ध की अनिश्चितता, बंधकों की घर वापसी में विफलता और देश के आर्थिक नुक़सान से थक चुका था। इसी ने नेतन्याहू की अजेय सुरक्षा प्रदाता वाली छवि को चोट पहुंचाई।

नेतन्याहू के मौजूदा गठबंधन में धुर-दक्षिणपंथी और कट्टरपंथी वे यहूदी नेता भी शामिल थे, जिन्होंने वेस्ट बैंक में आक्रामक नीतियों को बढ़ावा दिया। इसके चलते इस्राइल के उदारवादी, धर्मनिरपेक्ष और यूरोपीय मूल के यहूदी नागरिकों में यह डर बढ़ गया था कि यह कट्टरता इस्राइल के लोकतांत्रिक ढांचे को ख़त्म कर रही है, जिससे तेल अवीव की सड़कों पर उनके ख़िलाफ़ भारी विरोध प्रदर्शन हुए। इसके अलावा चुनाव प्रचार के दौरान नेतन्याहू ने यहूदी राष्ट्रवादियों को एकजुट करने के लिए सोशल मीडिया पर आक्रामक बयानबाज़ी की और अरब नागरिकों पर चुनाव चुराने का आरोप लगाया। नेतन्याहू के इस आक्रामक रुख़ ने डर पैदा करने के बजाय अरब मतदाताओं को एकजुट कर दिया, जिसके कारण उन्होंने रिकॉर्ड संख्या में बाहर निकलकर नेतन्याहू व उनके गठबंधन के ख़िलाफ़ वोट डाला। युद्ध के इस दौर में भी नेतन्याहू द्वारा कट्टरपंथी रूढ़िवादी यहूदियों को सेना की अनिवार्य सेवा से छूट देना भी आम इस्राइलियों को रास नहीं आया, जो लंबे समय से मोर्चे पर लड़ रहे हैं। विपक्ष ने इसे भी एक बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया था ।

इस्राईल के चुनाव परिणाम से यह संकेत भी साफ़ है कि नेतन्याहू ने भले ही अपनी लिकुड पार्टी को सबसे बड़े दल के रूप में बचा लिया हो, लेकिन उनकी आक्रामक और ध्रुवीकरण की राजनीति ने उनके विरोधियों और देश के अरब अल्पसंख्यकों को इस क़दर लामबंद कर दिया कि वे स्पष्ट बहुमत से 8 सीटें दूर रह गए। इसलिये कहना ग़लत नहीं होगा कि इस्राईल में बदलाव की चाहत रखने वाले और उनके कट्टर रवैये से असहमत लोगों ने उनके अपराजित होने के मिथक को ध्वस्त कर दिया है।

अमरोहा
सोमवार 02 नवंबर 2026
www.sabkasapna.com

अमरोहा

हिंदी दैनिक
सब का सपना 3

जोगीपुरा में बनाई गई सरदार पटेल जयंती

अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के गांव जोगीपुरा में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई, जिसमें गांव के लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोकदल के जिला महासचिव राजेश चौधरी ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन त्याग,



समर्पण और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है और उन्होंने सैकड़ों रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के आदर्शों पर चलकर ही मजबूत और एकजुट भारत का निर्माण संभव है और आज जरूरत है कि हम आपसी भाईचारा और एकता को मजबूत करें। कार्यक्रम में गांव के बुजुर्गों और गणमान्य लोगों ने भी भाग लिया और देश की एकता-अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा सेवानिवृत्त, नम आँखों से दी गई भावुक विदाई

अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा आज सेवानिवृत्त हो गए। विकास भवन परिसर में आयोजित भावुक विदाई समारोह में जिलाधिकारी डॉ. नितिन गोंड ने उन्हें फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और सहयोगियों ने भी नम आँखों से उन्हें विदाई दी तथा उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।अश्वनी कुमार मिश्रा ने लगभग तीन वर्षों तक जिले में विकास की गंगा बहाई। उनके कार्यकाल में



नदियों के जीर्णोद्धार के कार्य तेज हुए। गौशालाओं में गोवंशों की कड़ी निगरानी सुनिश्चित की गई। गरीब और जरूरतमंद लोगों तक उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने न केवल योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया, बल्कि शिक्षा क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। ग्राम चौपालों में लोगों की समस्याएं स्वयं सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निस्तारण करवाया। इसके साथ ही गंगा मेले को और अधिक आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाने में भी उनकी अहम भूमिका रही। अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जिले के विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिली। सेवानिवृत्ति के इस अवसर पर सभी ने उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

झम्मनलाल पी0जी0 कॉलेज हसनपुर में रोजगार मेले का आयोजन

अमरोहा (सब का सपना):- जिला सेवायोजन कार्यालय एवं जम्मनलाल पी0जी0 कॉलेज, हसनपुर द्वारा संयुक्त रूप से एक रोजगार मेले का आयोजन झम्मनलाल पी0जी0 कॉलेज, हसनपुर के परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पंचायत सैद नंगली अभिनव कौशिक रहे। उन्होने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि अभिनव कौशिक ने कहा कि सरकार हर युवा के हाथ में रोजगार देने के लिए दृढ संकल्पित है और आज का यह कार्यक्रम रोजगार आपके द्वार के संकल्प को चरितार्थ कर रहा है। आज युवाओं को दूर जाने की आवश्यकता नहीं है सरकार स्वयं निजी क्षेत्र की कम्पनियों के माध्यम से युवाओं को उनके क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु रोजगार मेलों का आयोजन कर रही है। उन्होने युवाओं से अह्वान किया कि वह अवसर का



लाभ उठाकर अपनी योग्यतानुसार कम्पनियों में चयन प्राप्त करे साथ ही वह इन कम्पनियों में इस प्रकार कार्य करे कि कम्पनियों की आवश्यकता बन जाये। अपने सम्बोधन में ब्लाक प्रमुख भगतपुर टाडां संतोष कुमार सिंह ने कहा कि सरकार युवाओं एवं श्रमिकों के हित में लगातार कार्य कर रही है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में इस के कार्यक्रमों का आयोजन इसका प्रमाण है। हमें बहुत अच्छे का अवसरों का इन्तजार न करके उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाना होगा यदि हम आज से शुरूआत करते है तो पॉच साल के भीतर अन्य लोगों से काफी आगे होगे। उन्होने कहा कि युवा राष्ट्र निर्माण की रीढ है। उन्होने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से अनुरोध किया कि वे सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के प्रति जागरूक रहे तभी इस का लाभ स्वयं तथा समाज के सभी वर्गो तक पहुचॉ पायेगें। साथ ही उन्होंने सेवायोजन विभाग द्वारा कराई जा रहे रोजगार मेला की सराहना करते हुए कहा कि सरकार व विभाग द्वारा यह एक बहुत अच्छी पहल है जिससे रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को कंपनियों तक पहुंचने में आसानी होगी ।मण्डलीय सहायक निदेशक सेवायोजन रत्नेश चन्द्र ने उपस्थित युवाओं के समक्ष रोजगार मेले के आयोजन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की तथा युवाओं से अनुरोध किया कि वह केवल चयनित न हो बल्कि जिन कम्पनियों के लिए उनका चयन हो उनमें जाकर कार्य भी करें। रोजगार मेले में 14 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया तथा जिसमें 540 से अधिक युवाओं ने उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी जिनमें से साक्षात्कार के माध्यम से 309 युवाओं को चयन का अवसर प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक गोपाल सक्सेना, कॉलेज की प्राचार्य शमा परवीन सेवायोजन विभाग एवं झम्मनलाल कॉलेज के समस्त अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

एसपी अमरोहा ने किया यातायात माह नवम्बर-2026 का शुभारम्भ, एनसीसी कैडेट्स व स्काउट छात्रों को दिलाई यातायात नियमों की शपथ





अमरोहा (सब का सपना):- रविवार को पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव ने नवीन पुलिस लाइन अमरोहा में यातायात माह नवम्बर-2026 का विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों, जवानों के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स एवं स्काउट के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान एसपी अमरोहा ने उपस्थित सभी लोगों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यातायात नियमों का पालन करके ही हम स्वयं को और दूसरों को सुरक्षित रख सकते हैं। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें और नशे की हालत में वाहन चलाने से बचें। उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि यातायात माह के दौरान जनपद भर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, रैलियां, सेमिनार व चौपाल लगाकर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना ही यातायात माह का मुख्य उद्देश्य है, जिसके लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग जरूरी है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा अखिलेश भदौरिया, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रभारी निरीक्षक यातायात सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में पुरानी पेंशन बहाली और चिकित्सा प्रतिपूर्ति की समस्याएं उठाई





बहजोई/सम्भल(सब का सपना):- सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद सम्भल के तत्वावधान में रविवार को रोटरी क्लब बहजोई के मीटिंग हॉल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारियों ने हिस्सा लेकर पेंशनर्स की समस्याओं और विभिन्न मांगों पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य मेजर अवध किशोर शर्मा ने की। मुख्य अतिथि पूर्व पुलिस अधिकारी राजेश्वर सिंह यादव रहे। बैठक में मेजर अवध किशोर शर्मा ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया में बदलाव से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को होने वाली परेशानियों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पहले इलाज कराने के बाद बिल और वाउचर जमा करने पर चिकित्सा खर्च का भुगतान किया जाता था लेकिन अब प्रक्रिया ऑनलाइन होने से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे कई पेंशनर्स को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि पहले की तरह बिल और वाउचर के आधार पर भुगतान की व्यवस्था की जाए जिससे जरूरतमंद पेंशनर्स को राहत मिल सके। मुख्य अतिथि राजेश्वर सिंह यादव ने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि महंगाई राहत और महंगाई भत्ते की दर 50 प्रतिशत होने पर इसे मूल वेतन और पेंशन में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों और पेंशनर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार से आवश्यक कदम उठाने की मांग की।नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि आठवें वेतन आयोग में हो रही देरी और लगातार बढ़ती महंगाई को देखते हुए कर्मचारियों पेंशनर्स और शिक्षकों को अंतरिम राहत दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाना जरूरी है। कार्यक्रम संयोजक राकेश सक्सेना ने सदस्यों से अपील की कि जिन साथियों की सदस्यता शुल्क जमा नहीं है वे 200 रुपये जमा कर रसीद प्राप्त कर लें। उन्होंने बताया कि सोमवार 2 नवंबर को कलेक्ट्रेट के पास स्थित पार्क में पेंशनर्स की विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी सम्भल को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक सदस्यों से ज्ञापन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। बैठक में जिला अध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष चैतन्य कुमार सिंह मंत्री यतीश कुमार गुप्ता सहित राम अवतार सुरेश सक्सेना हरि बाबू शर्मा वीरभान सिंह प्रदीप गोयल ओमपाल सिंह चंद्रपाल सिंह अजय सक्सेना मोहम्मद अली अकील अहमद और खिचड़ी लाल मास्टर सहित अनेक सेवानिवृत्त कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक का संचालन चैतन्य कुमार सिंह ने किया।

भारतीय किसान यूनियन (शंकर) में दो दर्जन से अधिक किसानों ने ग्रहण की प्राथमिक सदस्यता



अमरोहा (सब का सपना):- भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के आवास पर प्रदेश प्रवक्ता सत्यवीर सिंह के नेतृत्व में ग्राम रसूलपुर गुर्जर के दो दर्जन से अधिक किसानों ने संगठन की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सुरेश चंद्र पवार, मदन सिंह पवार, जबर सिंह प्रजापति, सियाराम सिंह प्रजापति, सुधीर पाल, सुमित पवार, विपिन पवार, कमल पाल, विवेक पवार, अतुल पाल, पवन प्रजापति, विनोद पवार सहित अन्य किसानों ने भारतीय किसान यूनियन (शंकर) की सदस्यता लेकर संगठन के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।सभी नवनियुक्त सदस्यों को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराने के साथ शपथ दिलाई गई कि वे संगठन के संविधान एवं सिद्धांतों का पालन करते हुए जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर किसानों, मजदूरों एवं आमजन के हितों के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। साथ ही संगठन की एकता, मजबूती और विस्तार के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता सत्यवीर सिंह ने आगामी 5 नवंबर को कलेक्ट्रेट पर आयोजित होने वाले किसान महाप्रदर्शन को सफल बनाने के लिए संगठन के सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसानों की लंबित समस्याओं, गन्ना मूल्य, चीनी मिलों के संचालन तथा अन्य किसान हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर संगठन मजबूती से अपनी आवाज बुलंद करेगा।उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (शंकर) किसानों के सम्मान, अधिकार और न्याय की लड़ाई को पूरी मजबूती के साथ लड़ता रहेगा। संगठन में नए किसानों का जुड़ना किसान एकता और संगठन की बढ़ती ताकत का प्रतीक है।

गजरौला में प्रथम बैच का प्रशिक्षण संपन्न, सुपरवाइजरों व प्रगणकों को बांटे गए नियुक्ति पत्र



गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):- भारत की आगामी जनगणना 2027 के द्वितीय चरण हेतु गजरौला के ए.बी.एस.ए. कार्यालय सभागार में चल रहा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है।अंतिम दिन प्रतिभागी सुपरवाइजरों और प्रगणकों को आधिकारिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। बता दें कि प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर अवधेश कुमार ने कर्मचारियों को डेटा संग्रहण और प्रपत्र भरने की तकनीकी बारीकियों का व्यावहारिक ज्ञान दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जनगणना देश के दीर्घकालिक विकास का मुख्य आधार है, इसलिए कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए।जनगणना चार्ज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने सभी प्रगणकों और सुपरवाइजरों से आह्वान किया कि वे अपने आवंटित क्षेत्रों में पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ घर-घर जाकर तय समयसीमा में कार्य पूरा करें। शिविर में प्रतिभागियों की सुविधा हेतु जलपान और भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई थी।इस अवसर पर चार्ज अधिकारी ललित कुमार आर्य, लेखाकार आदेश कुमार, फील्ड ट्रेनर अवधेश कुमार सहित जगराम सिंह, पूनम रानी शर्मा, पवन गिरी गोस्वामी, दिनेश चंद्र, विपिन, महेश कुमार, अक्षय शुक्ला, कपिल भटनागर, पीयूष राणा और सुमित आदि प्रगणक व सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

मामूली विवाद में युवक के सिर पर किया जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज



असोथर/फतेहपुर (सब का सपना):- थाना क्षेत्र के सराय खालिस गांव में बातचीत के दौरान हुए विवाद में एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही एक युवक ने अचानक दूसरे युवक के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और गंभीर चोटें आईं। घायल की तहरीर पर असोथर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार सराय खालिस निवासी भीम कुमार पुत्र हीरालाल ने बताया कि 29 अक्तूबर की दोपहर करीब 11:30 बजे वह गांव में बबलू मौर्य के दरवाजे पर बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही इंग्लेश मौर्य पुत्र हुबलाल मौर्य ने अचानक उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपी ने उनके सिर पर वार किया, जिससे सिर फट गया और गंभीर चोटें आईं। पीड़ित के मुताबिक हमले के बाद वह किसी तरह वहां से जान बचाकर भाग निकले और उपचार के लिए जिला अस्पताल फतेहपुर पहुंचे। इलाज कराने के बाद 30 अक्तूबर को थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर दी और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी राजीव मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक दिग्वेंद्र सौरभ को सौंपी गई है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जिला जज अमरोहा द्वारा पीएम श्री संविलयन विद्यालय के छात्र का सम्मान



अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के विकासखंड अमरोहा क्षेत्र अंतर्गत पीएम श्री संविलयन विद्यालय नन्हेड़ा अलियारपुर के कक्षा 7 के मेधावी छात्र विशाल पुत्र विक्रम सिंह को जिला जज साहब, जिला अमरोहा द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह विद्यालय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में संपन्न हुआ, जिसमें छात्र की उपलब्धियों को मान्यता दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक संजीव कुमार सिरोही तथा सहायक अध्यापक सतीश कुमार मौजूद रहे। छात्र के पिता विक्रम सिंह भी समारोह में उपस्थित थे और अपने पुत्र के सम्मान को देखकर गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। जिला जज साहब ने छात्र को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अध्ययन के साथ-साथ अच्छे संस्कार और अनुशासन बनाए रखने की अपील की। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि विशाल ने अपनी कक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, जिसके कारण उसे यह सम्मान मिला। शिक्षा ही भविष्य की नींव है, मेहनत से मिलती है सफलता।

मुखबिर की सूचना एक घर से 40 हजार की आतिशबाजी का सामान किया बरामद, पुलिस अन्य जांच में जुटी

नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापा मार कर पटाखों का जखीरा बरामद कर माल अपने साथ ले गई बाप बेटों को जानकारी के लिए थाने बुलाया। स्थानीय मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी गिरधारी लाल का पुत्र प्रेम कुमार 40 हजार रुपए की आतिशबाजी का सामान दीपावली पर बेचने के लिए खरीद कर लाया था और अपने घर पर आतिशबाजी के समान को बिल से मिलान कर रहा था उसी समय किसी मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी की प्रेम कुमार पुत्र गिरधारी लाल के घर पर आतिशबाजी पटाखे भरे हैं। सूचना मिलते ही थाने से दो दरोगा पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर छापामारी की छापामारी में लगभग40 हजार रुपए मूल्य के आतिशबकलजी का सामान बरामद कर अपने साथ थाने ले गए तथा प्रेम कुमार व उसके पिता गिरधारी लाल को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। प्रेम कुमार ने मीडिया को बताया कि वह दीपावली को नगीना में लगने वाली आतिशबाजी की दुकानों पर बेचने के लिए लाया था और आतिशबाजी पटाखे बेचने के लिए दुकान का अस्थाई लाइसेंस के लिए भी आवेदन कर रखा है। इस मामले में पुलिस जांच में लगी है। समाचार लिखे जाने तक अन्य कोई और जानकारी नहीं मिली है।

कैनरा बैंक आरसेटी में असिस्टेंट बुककीपर प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ

सीडीओ गोरखनाथ भट्ट ने प्रशिक्षुओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित, कौशल विकास पर दिया जोर





बहजोई/संभल(सब का सपना):- शनिवार को कैनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) बहजोई जनपद संभल में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) गोरखनाथ भट्ट के कर-कमलों द्वारा (असिस्टेंट बुककीपर) प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से नए कौशल अर्जित कर युवा अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं को पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करने और सीखे गए कौशल का उपयोग रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर तलाशने में करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक अनुपम कुमार गुप्ता, फैकल्टी मानसी शर्मा, डीएसटी आनंद कुमार चंदेल, डीएसटी मयंक वार्ष्णेय सहित संस्थान के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कैनरा बैंक आरसेटी बहजोई (संभल) युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। संस्थान का संकल्प है कि हर हाथ को हुनर, हर हुनर को रोजगार और हर युवा को आत्मनिर्भरता की राह मिले। संस्थान द्वारा कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को बेहतर भविष्य के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई 820 किलो रसगुल्ले और 50 लीटर दूध नष्ट कराया





सम्भल (सब का सपना):- आगामी त्योहारों को देखते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुद्ध ही शुभ है अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की। 31 अक्टूबर को देर रात तक चली कार्रवाई में दो रसगुल्ला निर्माण इकाइयों से कुल 820 किलोग्राम रसगुल्ले और 50 लीटर दूध नष्ट कराया गया। इसके साथ ही मिठाई की दुकानों पर निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए और अनियमितताएं मिलने पर नोटिस जारी किए गए। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश और जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित टीमों ने जिले में विभिन्न मिठाई की दुकानों और निर्माण इकाइयों की जांच की। कार्रवाई के दौरान गुरु स्वीट्स से पनीर खोया और घी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए। दुकान संचालक को नोटिस भी जारी किया गया। दक्ष स्वीट्स और मंगलसेन हलवाई को भी नोटिस जारी किया गया। चन्दौसी स्थित गणेश स्वीट्स से क्रीम छैना का नमूना लिया गया। कल्लू हलवाई की दुकान से सोनपापड़ी और ज्योति स्वीट्स से छैना रसगुल्ले का नमूना संग्रहित किया गया। ग्राम भिरावटी में प्रेमपाल के यहां से छैना और छैना रसगुल्ले के नमूने लिए गए।ग्राम मुबारकपुर स्थित रसगुल्ला निर्माण इकाई को बंद कराया गया। यहां से चार नमूने लेने के साथ 370 किलोग्राम रसगुल्ले और 50 लीटर दूध नष्ट कराया गया। वहीं कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के मुड़ियाखेड़ा स्थित रसगुल्ला निर्माण इकाई से दो नमूने लिए गए और 450 किलोग्राम रसगुल्ले नष्ट कराए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि संग्रहित नमूनों को जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित दुकानदारों और निर्माण इकाइयों के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मेगा विधिक सहायता शिविर में 162 निर्माण श्रमिकों को मिला 45.52 लाख रुपये से अधिक का लाभ



सम्भल(सब का सपना):- उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल के तत्वावधान में रविवार को चन्दौसी स्थित एसएम इंटर कॉलेज में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रम विभाग की ओर से भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 162 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को कुल 45 लाख 52 हजार 900 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह धनराशि लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य पात्र श्रमिकों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना और जरूरतमंद लोगों तक विधिक सहायता पहुंचाना रहा। शिविर की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष डॉ. विदुषी सिंह ने की। इस दौरान श्रम विभाग की ओर से सांकेतिक रूप से पांच श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ वितरित किए गए। कार्यक्रम में श्रमिकों को सरकारी योजनाओं के माध्यम से मिलने वाली आर्थिक सहायता के महत्व से भी अवगत कराया गया। सहायक श्रमायुक्त सम्भल राम लखन पटेल ने बताया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के तहत जिले के कुल 162 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को लाभान्वित किया गया है। इनमें मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अंतर्गत 113 श्रमिकों को 28 लाख 91 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई। कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत 22 श्रमिकों को 13 लाख रुपये प्रदान किए गए। वहीं संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 27 श्रमिकों के बैंक खातों में 61 हजार 900 रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई। इन तीनों योजनाओं के माध्यम से कुल 45 लाख 52 हजार 900 रुपये की आर्थिक सहायता सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचाई गई। मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत दी जाने वाली सहायता से पात्र श्रमिक परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा। कन्या विवाह सहायता योजना से पात्र परिवारों को बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग मिलेगा। वहीं संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना के माध्यम से निर्माण श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को उनके अधिकारों और सरकारी सहायता योजनाओं की जानकारी देना है ताकि वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव दीपक कुमार जायसवाल सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार जिला विकास अधिकारी राम आशीष सहित जनपद के अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

भीख मांगने से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े राधिका के कदम हुनर से सजाए मिट्टी के दीपक

अब बाजार में बेचकर अर्जित करेंगी सम्मानजनक आजीविका



बहजोई/सम्भल (सब का सपना):- जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में जनपद में जरूरतमंद लोगों को भीख मांगने की प्रवृत्ति छोड़कर सम्मानजनक आजीविका अपनाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से उम्मीद संस्था के अंतर्गत संचालित भीख से सीख कार्यक्रम के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को रोजगार से जोड़ने और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का संचालन और देखरेख डॉ. रैना शर्मा के नेतृत्व में की जा रही है। यह पहल भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की स्माइल योजना के अंतर्गत संचालित प्रयासों का हिस्सा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भीख मांगकर जीवन यापन करने वाले जरूरतमंद लोगों को जागरूक कर उन्हें अपनी मेहनत और हुनर के माध्यम से सम्मानजनक आय अर्जित करने के अवसर उपलब्ध कराना है। संस्था की ओर से ऐसे लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि वे दूसरों पर निर्भर रहने के बजाय अपने पैरों पर खड़े हो सकें। इसी दिशा में राधिका के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं जिससे वह अपने हुनर को आजीविका का साधन बनाकर आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ सकें। इसी क्रम में बहजोई में भीख मांगने वाली राधिका को सम्भल स्थित आश्रय गृह में रखकर भीख मांगने के बजाय सम्मानजनक आजीविका अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उम्मीद संस्था के प्रयासों से राधिका को अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा मिली। उसने अपनी मेहनत और रचनात्मकता का परिचय देते हुए मिट्टी के दीपकों को आकर्षक ढंग से सजाकर नया स्वरूप दिया है। दीपावली और अन्य त्योहारों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए इन सजावटी दीपकों को बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है ताकि राधिका अपने हुनर के माध्यम से आय अर्जित कर सके। मिट्टी के दीपकों को सजाने का काम राधिका के लिए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक नई शुरूआत है। दीपकों को आकर्षक रूप देकर उसने यह दिखाया है कि उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर जरूरतमंद लोग भी अपनी मेहनत से सम्मानजनक आजीविका अर्जित कर सकते हैं। संस्था का प्रयास है कि राधिका को केवल अस्थायी सहायता तक सीमित न रखा जाए बल्कि उसे ऐसा अवसर उपलब्ध कराया जाए जिससे वह नियमित रूप से काम करके अपनी आय का साधन विकसित कर सके। डॉ. रैना शर्मा ने बताया कि उम्मीद संस्था की ओर से राधिका को बाजार क्षेत्र में एक अस्थायी काउंटर उपलब्ध कराया जाएगा। इस काउंटर पर राधिका द्वारा आकर्षक ढंग से सजाए गए मिट्टी के दीपकों की बिक्री की जाएगी। इसके साथ ही भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की प्रतिमाएं तथा पूजा सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी। धूपबत्ती और अगरबत्ती सहित अन्य पूजन सामग्री भी काउंटर पर रखी जाएगी जिससे त्योहारों के दौरान ग्राहकों को पूजा से जुड़ी आवश्यक वस्तुएं एक ही स्थान पर मिल सकें। इस व्यवस्था से राधिका को अपनी तैयार की गई सामग्री बेचने का अवसर मिलेगा। बाजार क्षेत्र में काउंटर उपलब्ध होने से वह सीधे ग्राहकों तक पहुंच सकेगी और अपनी मेहनत के आधार पर सम्मानजनक आय अर्जित करने की दिशा में आगे बढ़ सकेगी। संस्था का उद्देश्य है कि राधिका को ऐसा वातावरण मिले जहां वह अपने हुनर को पहचान सके और उसे रोजगार के रूप में विकसित कर सके। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में किए जा रहे इस प्रयास के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सम्मान के साथ जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। भीख से सीख कार्यक्रम इस बात पर जोर देता है कि उचित सहयोग और रोजगार के अवसर मिलने पर लोग अपनी परिस्थितियों में बदलाव ला सकते हैं। राधिका को बाजार में काउंटर उपलब्ध कराने की पहल भी इसी उद्देश्य से की जा रही है।

राधिका की यह पहल अन्य जरूरतमंद लोगों के लिए भी प्रेरणा बन सकती है। मिट्टी के दीपकों को सजाकर उन्हें बिक्री के योग्य बनाना उसके हुनर और मेहनत का उदाहरण है। अब उम्मीद संस्था के सहयोग से उसे अपनी सामग्री बेचने और आय अर्जित करने का अवसर मिलेगा। इस पहल से राधिका के आत्मनिर्भर बनने की राह मजबूत होगी और वह भीख मांगने के बजाय अपने श्रम के बल पर सम्मानजनक जीवन जीने की दिशा में आगे बढ़ सकेगी।

उत्थान समिति के करवा चौथ कार्यक्रम में रुचि आर्या बनीं करवा चौथ क्वीन



संभल (सब का सपना):- उत्थान समिति संभल की ओर से करवा चौथ पर्व के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोलह श्रृंगार से सजी महिलाओं ने अपनी खूबसूरती और प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों डांडिया नृत्य और मनोरंजक खेलों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। प्रतियोगिता में रुचि आर्या को करवा चौथ क्वीन के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दीपा वार्ष्णेय और लक्ष्मी वार्ष्णेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर भारतीय संस्कृति और परंपराओं की खूबसूरत झलक पेश की। लाल जोड़े साड़ियों और लहंगों में सजी महिलाओं ने मेहंदी सिंदूर और चूड़ियों के साथ सोलह श्रृंगार कर उत्सव की रौनक बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। डांडिया की धुन पर महिलाएं जमकर थिरकीं। इसके अलावा मनोरंजक खेलों सवाल-जवाब और रैंप वॉक का आयोजन किया गया। महिलाओं ने सभी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण करवा चौथ क्वीन प्रतियोगिता रही। निर्णायक मंडल ने महिलाओं के सोलह श्रृंगार आत्मविश्वास व्यक्तित्व और मंच पर प्रस्तुति के आधार पर चयन किया। इसमें रुचि आर्या को करवा चौथ क्वीन चुना गया। खिताब की घोषणा होते ही कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मुख्य अतिथि दीपा वार्ष्णेय ने सभी को करवा चौथ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति प्रेम विश्वास और समर्पण का प्रतीक है। ऐसे आयोजन महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देने के साथ ही सामाजिक जुड़ाव और आपसी सौहार्द को मजबूत करते हैं।संस्था की अध्यक्ष रेनू वार्ष्णेय ने कहा कि करवा चौथ भारतीय संस्कृति और पारिवारिक प्रेम से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। ऐसे कार्यक्रमों से महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है और आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. उर्वशी वार्ष्णेय ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रेनू वार्ष्णेय डॉ. उर्वशी वार्ष्णेय ममता वार्ष्णेय कविता साधना अंजना मीनू निधि पुष्पा दीप्ति संजूला सपना चारू शशि कल्पना अल्पना आर्या सहित उत्थान समिति ग्रुप की अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

यातायात माह का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक ने जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी



बहजोई/सम्भल (सब का सपना):- जनपद में एक नवंबर से यातायात माह नवम्बर का शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी ने पुलिस लाइन बहजोई से इस्लामनगर चौराहे तक निकाली गई यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत सहित यातायात प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। यातायात माह के अंतर्गत पूरे नवंबर में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत स्कूली बच्चों स्थानीय नागरिकों युवाओं और स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के दौरान लोगों को यातायात नियमों सड़क सुरक्षा हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में जानकारी दी साथ ही वाहन चालकों को सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने और सड़क पर सावधानी बरतने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी ने लोगों से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें। निर्धारित गति सीमा का पालन करें और नशे की हालत में वाहन न चलाएं। उन्होंने कहा कि सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है इसलिए अपनी और दूसरों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। यातायात माह के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

पुलिस का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं बल्कि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

सम्भल पुलिस ने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की है। पुलिस ने कहा कि सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सभी का सहयोग जरूरी है क्योंकि सड़क सुरक्षा ही जीवन रक्षा का आधार है।

सम्भल में 37 स्वास्थ्य केंद्रों पर लगा आरोग्य मेला 2417 मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार





सम्भल (सब का सपना):- जनपद में रविवार को 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 9 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 277वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में 39 चिकित्सकों और 143 पैरामेडिकल कर्मचारियों ने 2417 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया। इनमें 1063 पुरुष 854 महिलाएं और 500 बच्चे शामिल रहे। मेले में आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत 135 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। आरोग्य मेले में बुखार के 308 चर्म रोग के 444 दमा के 370 मधुमेह के 106 नेत्र रोग के 53 और उच्च रक्तचाप के 122 मरीजों की जांच कर उपचार किया गया। इसके अलावा अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को भी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। बुखार से पीड़ित 36 मरीजों की मलेरिया और 14 मरीजों की डेंगू जांच की गई। सभी संदिग्ध मरीजों की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई। जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श देने और परिवार नियोजन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए अलग काउंटर बनाए गए। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगों को संचारी रोगों से बचाव और घरों के आसपास साफ सफाई रखने के प्रति जागरूक किया। जिलाधिकारी के निर्देश पर आशाओं ने सोर्स रिडक्शन गतिविधियों के माध्यम से मच्छरों के पनपने वाले स्थानों को समाप्त करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत 359 लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए परामर्श दिया गया। वहीं आरोग्य मेले में पहुंचे 110 मरीजों को टेली मानस परामर्श सेवा का लाभ भी उपलब्ध कराया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक ने जनपद में आयोजित आरोग्य मेला सत्रों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। इसके साथ ही अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों ने भी विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना रहा।

रामलीला मैदान में आयोजित इंडिया गठबंधन की महारैली में शामिल हुए ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी



हसनपुर/दिल्ली (सब का सपना):- दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित वोट बचाओ, देश बचाओ, संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ महारैली का आयोजन किया गया।

इस महारैली में गंगेश्वरी के ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी ने सम्मिलित होकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विचारों को सुना। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि रैली में लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की गरिमा, नागरिक अधिकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती से जुड़े विषयों पर विचार सुनने को मिले। लोकतंत्र की मजबूती और संविधान की रक्षा के लिए भागीदारी निभाना हम सभी का संवैधानिक दायित्व है।

नगर पालिका परिषद में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की मनाई गई जयंती



नहटौर/बिजनौर (सब का सपना):- नगर पालिका परिषद नहटौर में शनिवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पालिका कर्मचारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और देश की एकता, अखंडता तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को नगर पालिका परिषद में लौह पुरुष सरदार पटेल जी की जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित, दृढ़ इच्छाशक्ति और अदम्य साहस का प्रतीक रहा है। उन्होंने अपनी दूरदर्शिता और मजबूत नेतृत्व के बल पर सैकड़ों रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराकर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। देश को एक सूत्र में पिरोने के उनके असाधारण प्रयासों के कारण ही उन्हें लौह पुरुष की उपाधि से सम्मानित किया गया। सरदार पटेल का मानना था कि एकजुट जनशक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। उनका संदेश था कि समाज और देश की प्रगति के लिए जाति, धर्म और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर एकता के सूत्र में बंधना आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर पालिका कर्मचारियों ने सरदार पटेल के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ लिपिक विशेष कुमार उपाध्याय, लिपिक रमेश चंद शर्मा, अतुल राज सिंह, कपिल शर्मा, गजेंद्र सिंह, शाहजेब आलम, सबीना खातून, सलीम अहमद, गौरव त्यागी, हर्ष जैन, सहदेव सिंह, दीपांकर, मनोज कुमार, सानू, नरेंद्र चैनवाल , सानू बेनीवाल, विकी, विशाल वर्मा, आशीष, तालिब, मोहित सहित पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

घर पर सरिया काटते समय ग्राइंडर में उतरा करंट, यूपी-112 में तैनात आरक्षी की दर्दनाक मौत

अवकाश पर घर आया था आरक्षी, हादसे से परिवार में मचा कोहराम



बढ़ापुर/बिजनौर (सब का सपना):- उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात एक आरक्षी की बिजली का करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। आरक्षी संभल जनपद में यूपी-112 सेवा में तैनात था और अवकाश पर अपने घर आया हुआ था। जवान की अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राहुल कुमार (34 वर्ष) पुत्र हुलासी सिंह निवासी ग्राम जगन्नाथपुर मेहरू उर्फ धमूर्वाला, जनपद बिजनौर, उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी के पद पर तैनात था। वर्तमान में उसकी ड्यूटी जनपद संभल में यूपी-112 सेवा में थी। शनिवार को वह अवकाश पर अपने घर आया हुआ था। बताया जाता है कि शनिवार को वह गांव धमूर्वाला में घर पर सरिया काटने का काम कर रहा था। इसी दौरान सरिया काटने वाले ग्राइंडर में अचानक बिजली का करंट उतर आया, जिसकी चपेट में आने से राहुल कुमार की मौत हो गयी। परिजन और आसपास के लोगों ने आनन-फानन में उसे चिकित्सक को दिखाया लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने थाना बढ़ापुर पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए मृतक आरक्षी के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जनपद संभल में तैनात आरक्षी राहुल कुमार की गांव धमूर्वाला में करंट लगने से मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

आबादी के स्कूल क निकट गुलदार और तीन शावक दिखने से दहशत

नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- आबादी से सटे एक स्कूल के पास बाग में गुलदार और सावक देखे जाने से पास के लोगों में दहशत का माहौल छाया हुआ है मोहल्ले वासियों ने वन विभाग के अधिकारियों से उन्हें पकड़वाने की मांग की है। मठेरी चौराहे के पास काजी मेमोरियल स्कूल के निकट काजी हसन के बाग में गुलदार और उसके तीन शावक बार-बार देखे जाने से नगरवासियों में दहशत है। आबादी और स्कूल के नजदीक गुलदार की मौजूदगी से खासकर बच्चों की सुरक्षा को लेकर लोग चिंतित हैं स्कूल की सड़क में आम के बाग के पास से लोग डर के मारे आजा आजा नहीं रहे हैं
और अभिभावक बच्चों को भी स्कूल नही बेच पा रहे है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से बाग में पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने और क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की मांग की है। हालांकि,अभी तक वन विभाग को इस संबंध में किसी ने लिखित शिकायत देकर सूचना नहीं दी है।

महाराजा अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा बड़े धूमधाम से निकाली



नहटौर/बिजनौर (सब का सपना):- नगर में महाराजा अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ निकाली गई।शनिवार को आयोजित शोभायात्रा में वैश्य समाज के लोगों के साथ-साथ नगर के गणमान्य व्यक्तियों और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा में भगवान के विभिन्न स्वरूपों की मनमोहक एवं आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। इनमें काली का अखाड़ा, राधा-कृष्ण तथा अघोरी भोले शंकर की झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।
इसके अलावा शानदार बैंड की मधुर धुनों ने शोभायात्रा की भव्यता में चार चांद लगा दिए। मनोरंजन के लिए गोरिल्ला का रूप धारण किए कलाकार भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। दो घोड़ों से सुसज्जित रथ पर महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा को विराजमान कर शोभायात्रा में शामिल किया गया। शोभायात्रा पंचायती मंदिर से शुरू होकर सराय जोखा सिंह, धर्मशाला, होलियान, मुख्य बाजार से होती हुई थाने के सामने जाकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों द्वारा स्वागत किया गया।
शोभायात्रा के संचालक नगर पालिका परिषद सभासद मुकेश गुप्ता, अंकुश अग्रवाल एवं पारस गोयल रहे। इस अवसर पर प्रदीप अग्रवाल, एडवोकेट अर्पित कुमार गुप्ता, पलक गुप्ता, राकेश अग्रवाल, नलिन अग्रवाल, रितिक अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, रोनिक गोयल प्रवेश अग्रवाल, विकास गोयल, अंकित अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, मनी अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अनु अग्रवाल, एवं पीयूष गोयल सहित वैश्य समाज के समस्त लोग उपस्थित रहे।

बैंक चपरासी पर अभद्र व्यवहार का आरोप, ग्राहक ने वीडियो बनाकर किया वायरल

नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- पंजाब नेशनल बैंक में कार्य से पहुंचे उपभोक्ता ने बैंक के चपरासी पर अभद्र व्यवहार करने और बैंक का ताला नहीं खोलने की धमकी देने का आरोप लगाया।उपभोक्ता ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किया। शनिवार को दोपहर करीब पौने चार बजे शिवम शर्मा किसी कार्य से पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे थे।उनके अनुसार,करीब चार बजे बैंक का समय समाप्त होने पर चपरासी अभिषेक ने अंदर से बैंक का ताला लगा दिया। उस समय कुछ उपभोक्ता बैंक के अंदर मौजूद थे।शिवम शर्मा ने चपरासी से ताला खोलकर उन्हें बाहर जाने देने को कहा। इसी दौरान उन्होंने वीडियो बनाते हुए चपरासी पर अभद्र व्यवहार करने और ताला नहीं खोलने की धमकी देने का आरोप लगाया। शिवम के अनुसार,चपरासी ने कहा कि उसके आदेश के बिना बैंक में कुछ नहीं होता। मामले में बैंक शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार ने बताया कि बैंक में उपभोक्ताओं के लिए निर्धारित समय शाम चार बजे तक है। समय समाप्त होने पर यदि कुछ उपभोक्ता अंदर रह जाते हैं तो सभी उपभोक्ताओं को एक साथ बाहर निकालने के बाद ही ताला लगाया जाता है।उन्होंने बताया कि शिवम शर्मा ने चपरासी अभिषेक से तत्काल ताला खोलकर बाहर जाने को कहा था।चपरासी ने उन्हें कुछ देर बाद अन्य ग्राहकों के साथ बाहर जाने के लिए कहा,जिस पर दोनों के बीच हल्की नोकझोंक हो गई। शाखा प्रबंधक ने ग्राहक के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने के आरोप से इनकार किया है।

डा0 सरल कुमार ने पीएचडी की डिग्री हासिल कर माता पिता का नाम किया रोशन



नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- डा सरल कुमार ने कृषि अभियंत्रण,मृदा एवं जल संरक्षण अभियांत्रिकी में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर अपने मात-पिता एवं नगीना का नाम रोशन किया। क्षेत्र के ग्राम मक्खूवाला हाल निवासी डॉ अंबेडकर नगर नगीना , डॉ० सरल कुमार पुत्र राजेश कुमार (सहायक प्राध्यापक) कृषि अभियंत्रण विभाग, मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर ने अपनी कड़ी मेहनत एवं लगन सैम हिंगनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय प्रयागराज से सितंबर 2026 को तकनीकी रूप से भारत की कृषि शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने हेतु भारत की सर्वोच्च मानक उपाधि पीएचडी "डॉक्टर ऑफ फिलासफी " कृषि अभियंत्रण, मृदा एवं जल संरक्षण अभियांत्रिकी में सफलता पूर्वक प्राप्त कर अपने माता-पिता, परिवार , समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉ सरल कुमार ने समाज के नाम एक संदेश देते हुए कहा, कि इस जीवन में कठिनाइयां आना निश्चित है लेकिन यह हमारे हाथ में है कि हम उन कठिनाइयों का सामना किस तरह करते हैं। हार न मानने का जज्बा हमें सफलता की ओर ले जाता है चाहे परिस्थितियां कितनी भी प्रतिकूल क्यों ना हो। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने मन में यह ठड्डन ले कि हमें हार नहीं माननी है तो कोई भी बड्डधा हमे रोक नहीं सकती यह जज्बा हमें बार-बार गिरने के बाद भी उठने की ताकत देता है, असली जीत वही है जो कठिनाइयों से लड़कर हासिल की जाती है,
हार मानने से पहले हर संभव प्रयास करना चाहिए क्योंकि प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता, जो लोग हार नहीं मानते, वे ही जीवन में असली विजेता बनते है। उन्होंने कहा कि वह एससी समाज के मध्य परिवार में आते हैं लेकिन उन्होंने अपने लक्ष्य को पाने के लिए कभी हार नहीं माने यही उनकी कामयाबी है। उन्होंने समाज के युवाओं से शिक्षा के क्षेत्र में एक लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने का आह्वान किया है।

यातायात माह का भव्य शुभारंभ, डीएम व एसपी ने दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ





फतेहपुर (सब का सपना):- पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की अध्यक्षता में शनिवार 01 नवम्बर को तामेश्वर चौराहा पर यातायात माह नवम्बर-2026 का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने जनसभा को संबोधित कर आमजन को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया। अधिकारियों, नागरिकों व एनसीसी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इसके बाद डीएम ने एनसीसी की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से लोगों को हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने, गति सीमा का पालन करने व नशे में वाहन न चलाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में एएसपी, एडीएम, सीएमओ, सीओ नगर गौरव शर्मा, सीओ यातायात बृजमोहन राय, आरटीओ प्रतीक मिश्रा, व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप गर्ग सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाई गई लौह पुरुष की 151वीं जयंती

पुरस्कृत हुए आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चे



अमौली/फतेहपुर (सब का सपना):- जनपद के विकासखंड अमौली के परिषदीय विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म दिवस। खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश अवस्थी के निर्देशन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों,प्रभात फेरियों,से गुलजार रहे विद्यालयों के प्रांगण।परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुलखेड़ा में लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की पावन जयंती के अवसर पर प्रभात फेरी, चित्रकला प्रतियोगिता,राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागी विजेता बच्चों को स्टेशनरी का सामान, टिफिन आदि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इसके पूर्व इसके पूर्व बच्चों,शिक्षकों ने सरदार पटेल के चित्र पर पूजन,माल्यार्पण कर लौह पुरुष को श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में आयोजक शिक्षक उमेश कुमार ने उनके जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला,और उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही,और संपूर्ण देश में लौह पुरुष की जयंती में होने वाले समस्त कार्यक्रमों को अत्यधिक सराहनीय एवं भारत के सरदार को सच्ची श्रद्धांजलि बताया।उन्होंने देश की अखंडता को बरकरार रखने में लौह पुरुष के योगदान को भी विभिन्न संस्मरणों के माध्यम से बताया और उपस्थित समस्त समुदाय को शपथ भी दिलवाई।कार्यक्रम में मुख्यरूप से राजेश कुमार,दीपा वर्मा,सहित समस्त बच्चे उपस्थित रहे। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय अमौली(1-8)में शिक्षिका शुभा देवी के नेतृत्व में बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मानव श्रृंखला बनाकर एकता का संदेश दिया।

कच्ची शराब की बिक्री माफियाओ के विरोध में महिलाओं ने रोड जाम कर दिया धरना



नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- शासन के नशा मुक्त अभियान को शराब माफिया लग रहे पलीता, हल्का पुलिस की मेहरबानी से गांव में बिक रही जहरीली देशी शराब को बंद करने और सराफ माफिया के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर सैकड़ो महिलाएं सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया साथ ही नगीना नहटौर पर पर घंटों जाम लगाया जाम से दोनों और वाहनों की लंबे-लंबे कटारे लग गई सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कैदी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया महिलाओं ने मांग पूरी नहीं होने पर डी एम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है।नगीना-नहटौर मार्ग स्थित ग्राम धर्मशानंगली में पिछले काफी समय से गांव के ही छोटे, सुखबीर, काले और ग्राम प्रधान का बेटा हल्का पुलिस से हमसाज होकर खुलेआम जहरीली नकली देसी शराब बेच रहे हैं। एक नवंबर को कथित रूप से अवैध जहरीली देसी शराब की बिक्री के विरोध में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क पर धरना देकर बैठ गये, ग्रामीणों ने गांव में शराब की बिक्री तत्काल बंद कराने और इसके कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। धरने पर बैठीं सपना देवी पत्नी बिंटू कुमार, रीना देवी, अमिता, शशि देवी और कुंती पत्नी धर्मपाल सहित अन्य महिलाओं ने आरोप लगाया कि गांव में सुशील कुमार पुत्र महेंद्र सिंह, सुखवीर सिंह पुत्र बेगराज सिंह और छोटे सिंह पुत्र रतीराम अपने घरों में अवैध रूप से देसी शराब बेच रहे हैं। महिलाओं का कहना है कि शराब के सेवन से गांव के युवा और पुरुष नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। नशे में आए दिन घरों में महिलाओं के साथ मारपीट की घटनाएं हो रही हैं। कई नवविवाहित महिलाएं भी पति की नशे की लत और मारपीट से परेशान होकर मायके चली गई हैं। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने बताया कि करीब तीन महीने पहले शराब के नशे में एक युवक रेलवे फाटक पर ट्रेन की चपेट में आ गया था, जबकि करीब 10 दिन पहले गांव में एक युवक की कथित रूप से जहरीली शराब पीने से मौत हो गई। इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति की आंतें खराब होने की बात भी महिलाओं ने कही। उनका कहना है कि अवैध शराब के कारण कई परिवार बबार्दी की कगार पर पहुंच गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी वे उपजिलाधिकारी नगीना कार्यालय पर प्रदर्शन कर शिकायत कर चुके हैं। उस समय कुछ दिनों के लिए शराब की बिक्री बंद हो गई थी, लेकिन आरोप है कि कुछ समय बाद फिर से बिक्री शुरू कर दी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित लोग खुलेआम शराब बेचने की बात कहते हुए किसी कार्रवाई का भय नहीं होने की बात करते हैं। धरने की। रीपा देवी भी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने धरनारत महिलाओं की समस्याएं सुनीं और उनकी मांगों को सरकार तथा प्रशासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि गांव में कथित रूप से बेची जा रही अवैध शराब की बिक्री तत्काल बंद कराई जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर शराब माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं हुई तो वे बिजनौर जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगी धरना।विरोध-प्रदर्शन में अर्चना देवी, कुंती देवी, क्रांति देवी, सपना देवी, रीना देवी, सावित्री देवी, पूनम देवी, आशा देवी, बाला देवी, लता देवी, सुमन देवी, रीता देवी, सुमंत्र देवी, शशि देवी, कमला देवी, अमित देवी, ओमवती देवी, पुष्पा देवी, दयावती देवी, पूजा देवी, प्रभा देवी, कुशलपाल सिंह, कार्तिक कुमार, दिसू, जितेंद्र कुमार, जॉनी कुमार, राजा, गार्डन सिंह, अक्षय, हर्ष, अभिषेक सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

बिजनौर में पिंजरे में कैद हुआ गुलदार, कॉलोनीवासियों ने ली राहत की सांस



बिजनौर (सब का सपना):- स्थानीय भाजपा कार्यालय के निकट शिवलोक सिटी से सटी सरोजिनी नगर कॉलोनी के गेट नंबर दो पर वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में गुलदार कैद हो गया। गुलदार के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही कॉलोनीवासियों ने राहत की सांस ली। वहीं, पिंजरे में कैद गुलदार को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बताया गया कि गुलदार की आवाजाही से शिवलोक सिटी, सरोजिनी नगर और इंद्रलोक कॉलोनी के लोग काफी समय से भयभीत थे। परिवारों को बच्चों और अन्य सदस्यों की सुरक्षा की चिंता सता रही थी। गुलदार के पकड़े जाने से लोगों ने राहत महसूस की है। वन विभाग द्वारा पिंजरा लगाए जाने के बाद गुलदार के उसमें फंसने को प्रशासन की त्वरित कार्रवाई का परिणाम माना जा रहा है। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।कॉलोनीवासियों का कहना है कि आसपास के कई खाली प्लॉटों में झाड़ियां, कबाड़ और जंगली वनस्पति उगी हुई है। ऐसे स्थानों पर जंगली जानवरों के छिपने की आशंका बनी रहती है। लोगों ने आशंका जताई कि इन स्थानों की नियमित सफाई नहीं होने से गुलदार जैसे वन्यजीवों के छिपने और आबादी की ओर आने की संभावना बनी रह सकती है। कॉलोनीवासियों ने संबंधित विभागों से मांग की है कि खाली प्लॉटों में उगी झाड़ियों और जमा कबाड़ को हटाने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। साथ ही, आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाकर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में गुलदार की आवाजाही से किसी प्रकार का खतरा उत्पन्न न हो।

संक्षिप्त डायरी

गवाहों के मुकरने से पॉक्सो का आरोपी बरी

एजेंसी

नोएडा। अदालत ने पांच वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ के आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर कासना थाना में 13 अप्रैल को मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने 10 जून को आरोप पत्र दाखिल किया और 3 अगस्त को आरोप तय हुए। पिता ने मुख्य परीक्षा में घटना का समर्थन किया लेकिन जिरह में पुलिस को बयान देने से इन्कार किया। मां ने अदालत में कहा कि घटना के दिन पति और आरोपी के बीच झगड़ा हुआ था। आरोपी ने बच्ची के साथ कोई गलत हरकत नहीं की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को बरी कर दिया गया।

18 लाख लेने के बाद भी प्लॉट का नहीं दिया कब्जा

एजेंसी

नोएडा। दनकौर देहात स्थित परियोजना में प्लॉट का कब्जा देने के नाम पर दिल्ली निवासी महिला के साथ 18 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। ईस्ट विनोद नगर, दिल्ली निवासी राखी निंबा ने रविवार को दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया कि उसने एक कंपनी के निदेशकों अनुराग प्रताप राय और अनुराधा प्रताप राय से परियोजना में 100 वर्ग गज का प्लॉट 18 लाख रुपये में खरीदा था। रकम देने के बाद 30 जून 2023 को प्लॉट की रजिस्ट्री कराई गई लेकिन कब्जा नहीं मिला। पीड़िता के अनुसार नवंबर 2020 में हुए एक अन्य समझौते में बिल्डर ने छह महीने के भीतर 22 लाख रुपये लौटाने और सुरक्षा के तौर पर चेक देने का आश्वासन दिया था लेकिन पैसे नहीं मिले। महिला ने अनुराग प्रताप राय, उनकी पत्नी दीक्षा राय, बहन अनुराधा और पार्टनर रामकुमार गुप्ता पर साजिश के तहत रकम हड़पने का आरोप लगाया है। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

शिवालिक होम्स की आठों लिफ्टें बंद, 350 परिवार परेशान

एजेंसी

नोएडा। शिवालिक होम्स सोसाइटी में शनिवार को मेंटेनेंस टीम ने चारों टावरों की सभी आठ लिफ्टें बंद कर दीं। इससे करीब 350 परिवारों को परेशानी हुई। सबसे अधिक दिक्कत बुजुर्गों, बीमार लोगों और बच्चों को हुई। सोसाइटी में तीन टावर 14 मंजिला और एक टावर 19 मंजिला है। प्रत्येक टावर में दो लिफ्ट हैं। निवासी हिमांशु शेखर ने आरोप लगाया कि लंबे समय से लिफ्टों के रखरखाव और मरम्मत की शिकायत की जा रही थी, लेकिन समाधान करने के बजाय सभी लिफ्टें बंद कर दी गईं। मेंटेनेंस टीम का कहना है कि निवासी बिल्डर पर दबाव बनाने के लिए अलग-अलग जगह शिकायत कर रहे हैं। लिफ्ट बंद होने से ऊपरी मंजिलों पर रहने वालों को परेशानी हुई। निवासियों और मेंटेनेंस टीम के बीच करीब डेढ़ घंटे बैठक चली। बातचीत के बाद सभी लिफ्टें चालू कर दी गईं। निवासियों ने नियमित रखरखाव और स्थायी समाधान की मांग की।

60 बच्चों को बताए जोड़ों की देखभाल के तरीके

एजेंसी

नोएडा। सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई के बाल रक्त एवं कैंसर रोग विभाग की ओर से हीमोफीलिया से पीड़ित बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए लिविंग एंड विनिंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीब 60 बच्चों और उनके परिजनों ने हिस्सा लिया। विभागाध्यक्ष और एडिशनल प्रोफेसर डॉ. नीता राधा कृष्णन ने रक्तस्राव के शुरूआती लक्षणों की पहचान, समय पर उपचार और सावधानियों की जानकारी दी। फिजियोथेरेपिस्ट खलील अहमद ने बच्चों को मांसपेशियां मजबूत करने वाले व्यायाम और जोड़ों की देखभाल के तरीके बताए। कार्यक्रम में आई ड्रीम टू ट्रस्ट के संस्थापक राजन चौधरी के सहयोग से दिवाली उत्सव और चित्रकला प्रतियोगिता भी हुई।

बालक-बालिका टीमों ने दिल्ली में जीते खिताब

एजेंसी

नोएडा। शहर की बालक और बालिका टीमों ने शनिवार को दिल्ली के चिल्ला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट में अंडर-12 वर्ग का खिताब अपने नाम किया। 'खेलो इंडिया' पहल के तहत हुई इस प्रतियोगिता में नोएडा के खिलाड़ियों ने टीम स्पर्धा के साथ-साथ व्यक्तिगत पुरस्कारों में भी बाजी मारी। अविराज राणा और आयुष्का डुंगडुंग को अपने-अपने वर्ग में टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, जबकि थ्रुश अवाना को सर्वश्रेष्ठ उभरती खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। इसके अलावा, अंडर-10 आयु वर्ग में सक्षम गौतम सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए।

केबी मार्ट के नाम पर दुकानों की फर्जी बुकिंग और बिक्री का आरोप

एजेंसी

नोएडा। नॉलेज पार्क-2 स्थित केबी मार्ट प्रोजेक्ट में कंपनी के नाम का दुरुपयोग कर दुकानों और कॉमर्शियल यूनिट्स की अनधिकृत बिक्री व बुकिंग करने का मामला सामने आया है। श्री कुंज बिहारी जी इन्फ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंघल की तहरीर पर नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने शुक्रवार को तरुण कुमार उर्फ हिमांशु के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। कंपनी के मुताबिक बुलंदशहर निवासी आरोपी तरुण कुमार पहले कंपनी के लिए कमीशन एजेंट के रूप में दुकानों की बिक्री में समन्वय का काम करता था। उसे कंपनी की ओर से यूनिट बेचने, भुगतान लेने या कोई आधिकारिक दस्तावेज जारी करने का अधिकार नहीं था। इसके बावजूद उसने कंपनी की फर्जी रबर स्टांप, मुहर, लेटरहेड और अधिकृत अधिकारियों के हस्ताक्षर कर ग्राहकों को फर्जी आवंटन पत्र, रसीदें, एग्रीमेंट और अन्य दस्तावेज दिए। केबी मार्ट में बुकिंग और बिक्री के नाम पर ग्राहकों से रकम ली। कुछ ग्राहक जब फर्जी या संदिग्ध दस्तावेज लेकर कंपनी कार्यालय पहुंचे, तब प्रबंधन को पूरे मामले की जानकारी हुई। इसके बाद आरोपी के दोनों मोबाइल नंबरों पर संपर्क की कोशिश की गई, लेकिन दोनों बंद मिले। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

पंजाबी गायक मनिंदर बुट्टर के गानों में झूमे छात्र

एजेंसी

नोएडा। नॉलेज पार्क स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में 29 से 31 अक्तूबर तक तीन दिवसीय वार्षिक समारोह ऑक्लूजन-2026 आयोजित किया गया। इसमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा के विभिन्न डेंटल कॉलेजों से आए 1500 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। पंजाबी गायक मनिंदर बुट्टर की लाइव प्रस्तुति रही। उन्होंने सखियां, इक तेरा, लारे और पानी दी गल जैसे लोकप्रिय गीतों से विद्यार्थियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रधानाचार्य डॉ. ओमकार के शेट्टी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम में सांस्कृतिक और खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करता है। इस दौरान उपाध्यक्ष सोहेल चड्ढा, डॉ. आरपी चड्ढा, सचिव बीके अरोड़ा, निदेशक जनसंपर्क सुरेन्द्र सूद उपस्थित रहे।

समुद्र मंथन पर नाटक प्रस्तुति बनी मुख्य आकर्षण

एजेंसी

नोएडा। डेल्टा-क्क्क्क स्थित जेएस अकादमी में शनिवार को वार्षिकोत्सव ह्यशिवोह्य-दिव्य यात्राह्व का आयोजन से किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, भगवान शिव की महिमा और जीवन मूल्यों का संदेश दिया। समुद्र मंथन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति समारोह का मुख्य आकर्षण रही। विद्यार्थियों ने गणेश वंदना, शिव वंदना, स्वागत गीत और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए।

नोएडा में मोबाइल स्नेचिंग करने वाले दो शातिर आरोपी गिरफ्तार, 17 मोबाइल और चोरी की बाइक बरामद

एजेंसी

नोएडा। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में चोरी और स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी और स्नेचिंग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से विभिन्न कंपनियों के कुल 17 मोबाइल फोन, 1,500 रुपये नकद, वारदात में इस्तेमाल की जाने वाली चोरी की एक मोटरसाइकिल और एक अवैध चाकू बरामद किया है। गिरफ्तार किए गए ये आरोपी चोरी की



मोटरसाइकिल पर सवार होकर रास्ते चलते लोगों को अपना निशाना बनाते थे और उनके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो जाते थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एडीसीपी नोएडा अभय कुमार मिश्र ने बताया कि थाना सेक्टर-58 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को सेक्टर-58 में स्थित जुबिलेंट पार्क के पास से धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान चतुरानन्द पाण्डेय उर्फ रोनी (23) निवासी गोरखपुर, वर्तमान पता सेक्टर-55 नोएडा और जतिन सिंह (26) निवासी अनिल विहार, खोड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई वारदातों का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने 5 अक्टूबर 2026 को सेक्टर-56 से आईफोन-15 और सेक्टर-62 से सैमसंग गैलेक्सी एस-26 मोबाइल फोन छीने थे। इन दोनों घटनाओं के संबंध में थाना सेक्टर-58 में पहले से ही मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, बरामद किए गए सभी 17 मोबाइल फोन भी इन आरोपियों ने चोरी की मोटरसाइकिल का इस्तेमाल करके दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग स्थानों से चुराए और छीने थे। ये दोनों आरोपी छीने गए और चुराए गए मोबाइल फोन को बाजार में बेच देते थे। फोन बेचने के बाद मिलने वाली रकम को वे आपस में बराबर बांट लेते थे। इस तरह मिलने वाले पैसों को वे अपने निजी खर्चों तथा अपने शौक-मौज पर उड़ाते थे। पुलिस ने इनके पास से जो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है, वह हरियाणा के पानीपत थाना क्षेत्र में दर्ज एक मुकदमे से संबंधित चोरी का वाहन है। इसके अलावा आरोपी जतिन सिंह के कब्जे से एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, चतुरानन्द पाण्डेय के खिलाफ गौतमबुद्धनगर के थाना सेक्टर-58 में चोरी, बरामदगी और आबकारी अधिनियम से संबंधित मुकदमों सहित कुल छह अन्य मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा उसके खिलाफ पानीपत में भी एक मुकदमा दर्ज है। वहीं, दूसरे आरोपी जतिन सिंह के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में एनडीपीएस और आबकारी अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। उसके खिलाफ भी पानीपत में एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सारा सामान बरामद कर लिया है और इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश शर्मा की अनूठी पहल, दस हजार परिवारों तक दिवाली की

एजेंसी

नोएडा। दीपावली के पावन पर्व पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं उद्यमी मुकेश शर्मा ने नोएडा में एक अनूठी पहल शुरू की है। ह्यएक दीया उनके नाम, जो हमारे घरों को रोशन करती ह अभियान के तहत वे उन घरेलू सहायिकाओं, सफाई कर्मियों, सुरक्षा गार्डों और सहायक कर्मचारियों के परिवारों तक दिवाली की खुशियां पहुंचा रहे हैं, जो साल भर हमारी दिनचर्या को आसान बनाते हैं। अभियान के तहत प्रत्येक परिवार को एक विशेष दिवाली किट दी जा रही है। किट में सर्दी को देखते हुए एक कंबल, मिठाई, मिट्टी के दीये और बच्चों के लिए फूलझड़ियां शामिल हैं, ताकि वे भी पूरे सम्मान के साथ त्योहार मना सकें। मुकेश शर्मा ने कहा यह कोई दान नहीं, उनके श्रम और निष्ठा के प्रति हमारा आदर है। कहना नहीं, कर दिखाना है और नोएडा को बेहतर बनाना है। जो लोग हर सुबह हमारे घरों को संवारते हैं, उनकी मुस्कान के बिना हमारी दिवाली अधूरी है। त्योहार की रोशनी सिर्फ हमारे घरों तक नहीं, उनके आशियानों तक भी पहुंचनी चाहिए। इस अभियान की खास बात यह है कि मुकेश शर्मा खुद नोएडा की प्रमुख सोसाइटियों में जाकर अपने हाथों से किट वितरित कर रहे हैं। अभी तक 7,860 से अधिक परिवारों को कवर किया गया है, जिसे बढ़ाकर 10 हजार परिवारों तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इसके तहत केपटाउन में 3,000, लोटस में 2,000, प्रतीक विस्टेरिया में 800, सेक्टर 36 में 650, अंतरिक्ष में 400, जेनिथ में 350, सेक्टर 35 में 300, स्काईटेक मेट्रॉट में 175, सेठी मैक्स में 135 और महादेव में 50 परिवारों को किट दी जा रही है। सोसायटियों के निवासियों और एओए प्रतिनिधियों ने इस पहल को सामाजिक सौहार्द और संवेदनशीलता की मिसाल बताया है।

गौतमबुद्धनगर में सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

एजेंसी

नोएडा। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर गौतमबुद्धनगर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर लोक कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। वहीं दूसरी ओर, कलेक्ट्रेट सभागार में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए शपथ ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार,, गौतमबुद्धनगर कार्यालय ने पटेल लोक सांस्कृतिक संस्थान, नॉलेज पार्क, ग्रेटर नोएडा के सहयोग से इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोकगायक मन्नू तंवर, जयवीर भाटी और खुशी मौर्य ने अपनी



शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कलाकार ब्रह्मपाल नागर ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। इस आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण जयवीर भाटी और ब्रह्मपाल नागर द्वारा नशामुक्त युवा विषय पर प्रस्तुत किया गया गीत रहा। इस गीत के माध्यम से युवाओं को नशे और तमाम सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने की अपील की गई। साथ ही युवाओं को देश के विकसित भारत के निर्माण में अपना पूरा योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में ट इँ१३ के उपनिदेशक ने सभी कलाकारों को शॉल और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। कलेक्ट्रेट में ली गई राष्ट्रीय एकता की शपथ उधर, जिला कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अजीत कुमार ने सरदार वल्लभभाई पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने वहां उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई। इस शपथ ग्रहण के दौरान सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए पूरी तरह समर्पित रहने का संकल्प लिया। साथ ही देशवासियों के बीच आपसी एकता का संदेश फैलाने की बात कही गई। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुराग सारस्वत सहित कलेक्ट्रेट के तमाम अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इन दोनों प्रमुख आयोजनों के माध्यम से सरदार पटेल के राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति दिए गए महान योगदान को गहराई से स्मरण किया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक विरासत को सहेजने, नशामुक्ति को बढ़ावा देने और समाज में आपसी समरसता बनाए रखने का स्पष्ट संदेश दिया गया।

नोएडा जोन में ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ सघन अभियान

एजेंसी

नोएडा। शहर में यातायात नियमों को ताक पर रखकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में नोएडा जोन में ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह पूरा अभियान डीसीपी नोएडा प्रीति यादव के नेतृत्व और एडीसीपी अभय कुमार मिश्र के पर्यवेक्षण में चलाया गया। इस विशेष अभियान के दौरान कुल 1,922 वाहनों और 2,068 व्यक्तियों की सघन जांच की गई। नियमों का पालन न करने वालों पर पुलिस ने कड़ी सख्ती बरती है। 45 टीमों ने संभाले प्रमुख चौराहे इस बड़े अभियान को सफल बनाने के लिए नोएडा जोन के विभिन्न थानों की 45 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इन सभी टीमों ने शहर के 45 प्रमुख



चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर मोर्चा संभालते हुए चेकिंग की। कार्रवाई में थाना सेक्टर-20, थाना सेक्टर-39, थाना सेक्टर-126, थाना सेक्टर-24, थाना सेक्टर-58, फेस-1, थाना सेक्टर-49, थाना सेक्टर-113 और एक्सप्रेस-वे थाना पुलिस की टीमें शामिल रहीं। वाहन चालान और अन्य कानूनी कार्रवाई चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 471 वाहनों के चालान किए गए। इसके अलावा पुलिस ने नियमों का ज्यादा उल्लंघन मिलने पर 19 वाहनों को सीज भी कर दिया। वहीं दूसरी ओर, सार्वजनिक स्थानों पर शांति व्यवस्था भंग करने और संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए कुल 327 व्यक्तियों के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 292 के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अराधना मिश्रा से मिले एनएचआरएफ अध्यक्ष निखिल सिंघल

एजेंसी

नोएडा। नोएडा हाईराइज फेडरेशन के अध्यक्ष निखिल सिंघल ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष अराधना मिश्रा (मोना) से मुलाकात कर नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा के विभिन्न जनहित और नागरिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान ब्राह्मण समाज महासंघ, गौतमबुद्ध नगर के जिलाध्यक्ष दिनेश मिश्रा एवं रूपिंदर भाटिया भी उपस्थित रहे। बैठक में नोएडा की हाईराइज सोसायटियों से जुड़े लाखों निवासियों की समस्याओं, लंबित फ्लैट रजिस्ट्री, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो कनेक्टिविटी, मूलभूत सुविधाओं और प्राधिकरण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान नोएडा में वर्षों से लंबित फ्लैट रजिस्ट्री के मुद्दे को कांग्रेस के आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के एजेंडे में शामिल किए जाने को लेकर चर्चा हुई। इस विषय पर सकारात्मक आश्वासन मिलने की बात सामने आई। निखिल सिंघल नोएडा के नागरिक मुद्दों को लेकर लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। फ्लैट रजिस्ट्री से लेकर हाईराइज सोसायटियों की समस्याओं तक, वे लगातार प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के समक्ष निवासियों की आवाज उठा रहे हैं। नोएडा में उन्हें हाईराइज निवासियों की आवाज के रूप में भी जाना जाता है। एनएचआरएफ अध्यक्ष निखिल सिंघल ने कहा कि नोएडा में बड़ी संख्या में ऐसे फ्लैट खरीदार हैं जो वर्षों से अपनी रजिस्ट्री का इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो कनेक्टिविटी और हाईराइज सोसायटियों में नागरिक सुविधाओं का बेहतर होना भी बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा कि नोएडा के विकास और यहां रहने वाले लाखों लोगों की समस्याओं को राजनीतिक दलों के चुनावी एजेंडे में उचित स्थान मिलना चाहिए, ताकि इन मुद्दों के समाधान के लिए ठोस नीतिगत पहल हो सके। अराधना मिश्रा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को सुना और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। निखिल सिंघल ने कहा कि एनएचआरएफ लगातार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर नोएडा के निवासियों के अधिकारों और समस्याओं को प्रशासन एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के समक्ष उठा रहा है। संगठन का प्रयास है कि नोएडा के नागरिक मुद्दों का स्थायी समाधान सुनिश्चित हो।

नोएडा में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह का फेरबदल, छह निरीक्षक और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

एजेंसी

नोएडा। गौतमबुद्धनगर की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से बड़ा कदम उठाया है। प्रशासनिक आवश्यकताओं और जनहित को देखते हुए पुलिस विभाग में छह निरीक्षक और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। फेरबदल के बाद सभी अधिकारियों को अपनी नई जिम्मेदारी जल्द से जल्द संभालने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, निरीक्षक सर्वेश चंद्र को थाना एएचटीयू से स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्हें अब थाना सेक्टर-63 का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। इसके



अलावा, निरीक्षक देवेंद्र शंकर पांडेय को सेंट्रल नोएडा की आईटी सेल से हटाकर नई जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें थाना सेक्टर-49 का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। अवधेश प्रताप सिंह और राम प्रसाद के नए कार्यक्षेत्र इस प्रशासनिक फेरबदल में अन्य अधिकारियों के भी तबादले किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह को चुनाव सेल के साथ-साथ सूरजपुर कचहरी स्थित न्यायालय सुरक्षा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं दूसरी ओर, थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक राम प्रसाद को वहां से हटाकर थाना एएचटीयू भेज दिया गया है। सुभाष चंद्र और मनोज कुमार की तैनातीइसी तरह की प्रशासनिक कार्रवाई में थाना फेस-3 के प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र को सेंट्रल नोएडा की आईटी सेल में तैनात किया गया है। इसके साथ ही, उपनिरीक्षक मनोज कुमार को एक नई जिम्मेदारी मिली है। उपनिरीक्षक मनोज कुमार पहले थाना बिसरख की सेक्टर-3 नूमेड (एस्टर) चौकी के प्रभारी थे, और अब उन्हें थाना फेस-3 का थानाध्यक्ष बनाया गया है।

चलती गाड़ी की सनरूफ से बाहर निकलकर मचाया उत्पाद, केस दर्ज

एजेंसी

गुरुग्राम। सेक्टर-5 इलाके में शुक्रवार रात एक कार में सवार युवकों द्वारा सड़क पर हुड़दंग मचाने और एक परिवार के साथ बदसलूकी करने का मामला सामने आया है। सेक्टर-5 थाना पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।शिकायतकर्ता बिट्टू कटारिया ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात करीब आठ बजे एक कार में सवार युवक तेज आवाज में गाने बजाकर लापरवाही से गाड़ी चला रहे थे। वे सड़क पर चल रहे अन्य वाहनों को डराने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान गाड़ी में सवार एक युवक सनरूफ से बाहर निकलकर बैठ गया और स्टंटबाजी करने लगा, जिससे राहगीरों और दुकानदारों में दहशत फैल गई। पीड़ित के मुताबिक, उसी समय उनके छोटे भाई कुलताज के रिश्तेदार वहां पहुंचे, जिनकी गाड़ी में एक महिला और दो छोटे बच्चे सवार थे। हुड़दंग कर रहे युवकों ने अपनी कार उनके पास लाकर रोकी और महिला व बच्चों के साथ बेहद अभद्र व्यवहार और बदतमीजी की। युवकों की इस हरकत को देखकर जब पीड़ित परिवार के लोग लाठियां लेकर बाहर निकले, तब आरोपी डरकर गाड़ी सहित मौके से भाग गए। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में क्रेटा गाड़ी का नंबर और हुड़दंग कर रहे लड़कों के चेहरे पूरी तरह साफ नजर आ रहे हैं। पुलिस प्रवक्ता संदीप ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में ले लिया गया है और आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए तलाश तेज कर दी गई है।



मुंहासों की समस्या से ज्यादातर युवा परेशान रहते हैं। छुटकारा पाने के लिए कई तरह के इलाज भी कराते हैं, पर मनचाहा फायदा नहीं होता। मुंहासे होने की कई वजहें हो सकती हैं, उन्हें जानकर ही उपचार करवाएं। जानकारी दे रहा है आलेख। हमारी त्वचा तीन परतों से बनी है। सबसे ऊपरी परत कुछ-कुछ समय बाद बदलती रहती है। ऐसा मृत त्वचा के झड़ जाने से होता है। यह प्रक्रिया चलती रहती है। उसके नीचे वाली परतों में नसें, रक्त नलिकाएं, तेल एवं पसीने की ग्रंथियां तथा हेयर फोलिकल (रोमकूप) होते हैं। सबसे नीचे वाली परत वसा कोशिकाओं से बनी होती है। सही ध्यान नहीं रखने पर तेल ग्रंथियां और मृत त्वचा रोमकूपों में रुकावट पैदा करती हैं, जिससे नई परत बाहर नहीं निकल पाती। वहां त्वचा फूलकर दानों का रूप ले लेती है, जिसे मुंहासे कहते हैं। मुंहासे दो प्रकार के होते हैं। एक, छोटे-छोटे सफेद दाने होते हैं, जिनमें मवाद भर जाता है। दूसरे, लाल रंग के दाने होते हैं, जो ज्यादातर सूखी त्वचा वालों को होते हैं। मुंहासे कई कारणों से हो सकते हैं। हार्मोन में असंतुलन होने पर मुंहासे निकलते हैं। इसके लिए खान-पान और जीवनशैली में सुधार जरूरी होता है। महिलाओं में पहले की तुलना में पीसीओडी और थायरॉएड के मामले बड़े हैं।

माहवारी चक्र का सही नहीं होना भी मुंहासों का एक कारण होता है। गर्भावस्था के बाद भी कुछ महिलाओं में मुंहासे निकलते हैं। चेहरे पर बहुत अधिक धूप पड़ना भी मुंहासे के खतरे को बढ़ाता है। एक कारण शरीर में इंसुलिन ज्यादा बनना भी होता है, जिसके बारे में कम लोग ही जानते हैं। इसका मतलब यह है कि हमारे खानपान का हमारे मुंहासों से सीधा संबंध है, जिन्हें मुंहासे अधिक निकलते हैं, उन्हें हाई ग्लाइसेमिक खाना नहीं खाना चाहिए। ये वे चीजें होती हैं, जिनमें कार्बोहाइड्रेट बहुत ज्यादा होता है। हाई ग्लाइसेमिक भोजन सफेद ब्रेड, नान और मैदे से बनी चीजें 'स्टार्चयुक्त सब्जियां जैसे आलू' छोटे व मोटे चावल 'पाश्ता, नूडल, बर्गर आदि जंकफूड' दूध या दूध से बनी चीजें 'केक, पेस्ट्री, बिस्कुट, चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक फलों में तरबूज।

लो ग्लाइसेमिक भोजन लो: ग्लाइसेमिक भोजन में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम और पोषक तत्व अधिक होते हैं। जैसे-ब्राउन ब्रेड, ओट्स व मछली बासमती और सेला चावल हरी पत्तेदार सब्जियां सरसों का तेल, राइस ब्रान तेल, जैतून का तेल, नारियल तेल, घी आदि बादाम, काजू, खुबानी आदि मेवे फलों में सेब, स्ट्राबेरी, अमरूद आदि डेयरी उत्पादों की भूमिका भारत में 75 प्रतिशत लोग दूध को ठीक ढंग से नहीं पचा पाते। ऐसे लोग डेयरी उत्पाद का सेवन अधिक करते हैं तो उन्हें अपच होने लगता है, जिससे उन्हें मुंहासे निकलने लगते हैं। चेहरे पर बहुत अधिक मुंहासे हो रहे हैं तो कुछ समय के लिए दूध या दूध से बने पदार्थों का सेवन बंद करके देखें। अगर मुंहासों की समस्या कम होती दिखे तो आगे से अपने आहार में डेयरी उत्पादों की मात्रा कम ही रखें। सोया मिल्क, नारियल दूध, बादाम का दूध ले सकते हैं।

खाने में जिंक व आयरन युक्त चीजें जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां, अनार आदि आहार में शामिल करें। विटामिन-सी त्वचा के लिए अच्छा होता है, इसके लिए खट्टे वर्ग के फल एवं सब्जियां खाएं। विटामिन ए, डी और ओमेगा-3 फैटी एसिड युक्त चीजें लें। मछली एवं अखरोट में ओमेगा-3 खूब होता है। पानी भी पर्याप्त मात्रा में पिएं। जबड़े वाला हिस्सा जब लिवर ढंग से काम नहीं कर रहा हो तो जबड़े वाले हिस्से में मुंहासे निकलने लगते हैं। इसके लिए डॉक्टर से भी सलाह ले सकते हैं।

इम्यूनिटी पर पड़ रहा है प्रदूषण का असर, अपनाएं आयुर्वेदिक नुस्खे

आम जिंदगी पर बढ़ते प्रदूषण का असर आज हर किसी के लिए परेशानी का सबसे बड़ा सबब बना हुआ है। आज दुनियाभर में लोग इस समस्या से बेहद परेशान हैं। प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए देशभर में हर साल 2 दिसंबर को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाने के पीछे उद्देश्य औद्योगिक आपदा के प्रबंधन और नियंत्रण के प्रति लोगों के बीच जागरूकता फैलाना, साथ ही हवा, पानी और मिट्टी को प्रदूषित होने से बचाना और उनमें होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए अलग-अलग तरह से समाज में जागरूकता फैलाना है।

इसके अलावा हर साल 2 दिसंबर को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस उन लोगों की याद और सम्मान में भी मनाया जाता है, जिन्होंने भोपाल गैस त्रासदी में अपनी जान गंवा दी थी। यूं तो प्रदूषण व्यक्ति के शरीर पर कई तरह से बुरा असर डालता है, लेकिन प्रदूषण का सबसे ज्यादा बुरा असर व्यक्ति की इम्यूनिटी पर पड़ता है। तो आइए इस खास मौके पर जानते हैं प्रदूषण के प्रकोप से कैसे खुद को बचाते हुए मजबूत बनाएं अपनी इम्यूनिटी। ये आयुर्वेद और यूनानी पद्धति के नुस्खे आपको स्वस्थ रखने के साथ प्रदूषण से होने वाली बीमारियों से भी बचाने में आपकी मदद करेंगे।

आंखों की सेहत के लिए

आंखों में गुलाब जल डालें: प्रदूषण के कारण आंखों में जलन होती है। इसके लिए रोजाना सोने से पूर्व आंखों में अर्क गुलाब जल की दो-दो बूंदे डालें।

गले में इंफेक्शन

गले में इंफेक्शन एवं नजला खांसी से बचने के लिए शहद, अदरक, कालीमिर्च और जराकुस के पत्तों की चाय बनाकर पिएं।

इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए

प्रदूषण के कण इम्यून सिस्टम पर सीधा वार करते हैं। इससे बचने के लिए डाइट में हरा आंवला शामिल करना काफी उपयोगी होता है। इसकी चटनी, सब्जी और मुरब्बा खाने से फायदा होगा।

बॉडी को करें डिटॉक्स

बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर पिएं।

सर्दी-जुकाम से बचने के लिए

अदरक और शहद को साथ में लेने से सर्दी-जुकाम से बचा जा सकता है।





कॉर्न बिरयानी

सामग्री

- कॉर्न: डेढ़ कप
- बासमती चावल: 3 कप
- बड़े प्याज: लंबाई में कटे 2
- 3 बारीक कटे टमाटर
- अदरक-लहसुन का पेस्ट: 2 टीस्पून
- 6 बारीक कटी हरी मिर्च
- तेल: 4 टेबलस्पून
- घी: 4 टेबलस्पून
- दही: 200 ग्राम
- पानी: 750 मिली ग्राम
- नमक: स्वादानुसार
- मिर्च पाउडर: 2 टीस्पून
- हल्दी पाउडर: 1/4 टीस्पून
- बारीक कटा हरा धनिया: 1/4 कप
- मिंट की पत्तियां : 1/4 कप
- दालचीनी: 2 टुकड़े
- 5 लौंग
- 3 इलायची

विधि

आधे घंटे के लिए चावल को पानी में भिगोकर रख दें। पानी निकालने के बाद चावल को अलग रख दें। भारी तले वाले बर्तन में तेल और घी को एक साथ गरम करें। उसमें दालचीनी, इलायची और लौंग को फ्राई करें। उसमें प्याज को भूरा होने तक भूनें। उसके बाद उसमें टमाटर और अदरक-लहसुन का पेस्ट मिलाएं। अब उसमें हरी मिर्च, धनिया और मिंट की पत्तियां डालें। मक्के के दानों के साथ उसमें हल्दी, मिर्च, दही और नमक मिलाकर गाढ़ी ग्रेवी तैयार कर लें। इस ग्रेवी में पानी और चावल मिलाकर प्रेशर कुकर में पका लें। धनिया की पत्तियों से गार्निश कर सर्व करें।



मकई का चीला

सामग्री

- स्वीट कॉर्न: 1 कप
- 1 प्याज
- रिफाइन्ड ऑयल: 1 चम्मच
- नमक: स्वाद के अनुसार
- 1 कटी हुई मिर्च
- बेसन: 2 चम्मच
- अदरक: आधा चम्मच

विधि

इस स्वादिष्ट ब्रेकफास्ट को बनाने के लिए सबसे पहले ग्राइंडर में स्वीट कॉर्न को पीसकर पेस्ट बना लें। आपको एक गाढ़ा मिक्चर बनाना है। इसके बाद इस मिक्चर को एक बर्तन में निकाल लें। उस बर्तन में मकई, बेसन, कटी हुई मिर्च, कटा हुआ प्याज, नमक और घिसी हुई अदरक मिला लें। इसमें थोड़ा-थोड़ा पानी मिलाते हुए सबको अच्छे से मिला लें। एक पैन को गैस पर रखकर गर्म करें और उसमें 3-4 बूंद तेल डालें। इस पर बैटर को डालकर गोल शेप (डोसा की तरह) बना लें। इसे दोनों तरफ अच्छे से सेकें। आप इसे चटनी के साथ ट्राई कर सकते हैं। इसके साथ ही आप इसे चेरी या पुदीने से सजा सकते हैं।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष — चू चे चो ला ली लू ले लो आ

अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-2-5-7

वृष — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-6-8

मिथुन — का की कू घ ङ छ के को हा

परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-1-4-6

कर्क — ही हू हे हो डा डी डू डे डो

सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-2-4-6

सिंह — मा मी मू मे मो टा टी टू टे

अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-4-6-8

कन्या — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-5-7-8

तुला — रा री रु रे रो ता ती तू ते

पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक — तो ना नी नू ने नो य यी यू

दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-7

धनु — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-5-6

मकर — भे जा जी खी खू खे खो गा गी

मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-4-7-9


कुंभ — गू गे गो सा सी सू से सो दा

स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-5-9

मीन — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची


सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-8

काकुरो पहेली - 4057



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 4056 का हल

■	9	8	■	■	■	■	■	■
■	7	6	5	■	2	7	■	1
■	■	9	1	■	8	9	■	7
■	■	2	7	■	6	4	9	■
■	■	1	3	9	8	1	■	■
■	1	4	■	8	1	2	1	3
■	3	2	1	■	2	3	5	1
■	■	3	2	1	■	1	3	2
■	■	6	3	■	■	1	3	■

लॉफिंग ज़ोन

शादी के सीजन में जगह-जगह शादी में आने-जाने के कारण रमन के पास कपड़ों की कमी-सी हो जाती? है, फिर भी वो कुछ मैनेज करके अपने खास दोस्त की शादी में जाता है, वहाँ पर दोस्त के अंकल उससे पूछते है- बेटे! ये शर्ट तो बहुत अच्छी है!

रमन- जी, मेरी नहीं है।

अंकल- पैंट भी बहुत अच्छी है।

रमन- ये भी मेरी नहीं है।

अंकल- तो फिर किसकी है?

रमन- लाँड्री वाले की..!

□ □ □

रमन सर्कस देखकर आने के बाद अपने दोस्त से मिलने गया तो उससे कहा- यार! सर्कस में एक मोटी औरत एक दुबले जोकर को खूब मारती रहती है और वह सिर्फ हँसता ही रहता है।

परेश बोला- यार तू बता इसमें नया क्या है? यह तो मेरे घर में रोज ही होता है।


□ □ □

एडवोकेट (गवाह से)- अच्छा तो अब सही-सही बता दो फटाफट, नरेश की मौत आखिर हुई कैसे?

गवाह घबरा कर बोला- बड़ा ही भुलक्कड़ था हुजूर! हो सकता है घटना के समय वह साँस लेना भूल गया हो।

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली- 4057



बायें से दायें:-

१. अभिषेक, सुनील, ऐश, शबाना की 'बहका दिया' गीत वाली फिल्म-४,२
४. 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली सुनील शेट्टी, सुष्मिता, नम्रता की फिल्म-३
६. 'छोड़ो मुझे' गीत वाली फिल्म 'जानू' में जैकी के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'दिल खुश है आज उनसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
९. फिल्म 'प्यार का साया' में राहुलराय के साथ नायिका कौन थी-२
११. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'गजगामिनी' में मुंशी प्रेमचंद की 'निर्मला' की भूमिका किसने की है-३
१३. राजेंद्रकुमार, बबीता की 'रिमझिम के गीत सावन गाए' गीतवाली फिल्म-४
१४. 'रामजी की निकली सवारी' गीतवाली ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
१६. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२०. लकी अली, गौरी कार्णिक की 'कभी शाम ढले तू मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमीं से मोहब्बत हमीं से' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२३. अनिलकपूर, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'फूल सा चेहरा चाँद सी' गीत वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-२,२,२
२८. देव आनंद, गिरीश, टीना मुनीम की 'आवाज सुरीली का' गीत वाली फिल्म-५

ऊपर से नीचे:-

१. सतीश, सुभाष घई, अर्चना की फिल्म-३
२. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरी चाहत में दीवाना हूँ' गीत वाली फरदीन खान, सेलिना की फिल्म-४
४. संजयदत्त, अतुल, रवीना, करिश्मा की 'काश तुम मुझसे एक' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, ऋषिकपूर, पूनम की फिल्म-३
८. 'तुम भी चलो हम' गीत वाली फिल्म-३
१०. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
१२. अक्षयकुमार, रवीना टण्डन की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
१३. फिल्म 'पुष्पक' में कमल हासन के साथ नायिका कौन थी-३
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१५. 'उड़ जा काले कावां' गीतवाली फिल्म-३
१६. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की फिल्म-२
१७. शशि कपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
१९. अनिलकपूर, जैकी, अजय, मनीषा, माधुरी, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
२०. 'मेरा सेहरा तू है' गीत वाली फिल्म-२
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२४. 'चढ़ती जवानी मेरी चाल' गीत वाली फिल्म-३
२५. फिल्म 'अजूबा' में 'शहजादी हिना' की भूमिका किसने की थी-३
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली फिल्म-३
२७. फिल्म 'शर्मीली' में शशिकपूर के साथ नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली- 4056

क	ल	यु	ग	■	जा	न	ए	म	न
भी	■	वा	■	दि	ल	■	ला	■	या
अ	क्स	■	शि	वा	■	खा	न	दा	न
ल	■	ठि	का	ना	■	मो	■	■	श
वि	■	■	र	■	आ	शी	र्वा	द	■
दा	मि	नी	■	भा	ई	■	■	ह	स्ती
ना	■	ल	क्ष्य	■	ना	ला	य	क	■
क	स	म	■	स	■	ट	■	■	मं
ह	■	■	दी	ड़	■	सा	थ	सा	थ
ना	स्ति	क	■	क	री	ब	■	■	न

सूडोकु -4057


			2				3	
		9		8		2	6	4
1				3	6		9	
4		3						
	8			2			1	
						8		6
	4		7	5				3
3	7	5		4		1		
	2				8			

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -4056 का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

शब्द पहेली - 4057



बाएँ से दाएँ

1. लूटमार, डाका-4
5. रपटना -4
9. डोली उठानेवाले-3
10. पुत्र, लड़का-3
12. अधिकार-2
14. नवीन, नया-2
15. एक विदेशी शराब-2
16. कला, हुनर-2
17. मां का प्यार-3
19. दम, बल, जोर-3
21. पपीहा, पपीहरा-3
22. करामात, कारनामा-4
24. शमशीर, कृपाण-4
25. तरंगित, लहरीय-5
26. बोरिया-बिस्तर-4
29. साले की पत्नी-4
33. प्रयास, यत्न-3
34. सहायता, सहयोग-3
36. लीन, तल्लीन-3
37. गहन वन, बुनाई कर्म-2
38. टुकड़ा, कण-2
39. मैं का बहुवचन-2
41. भीगा हुआ-2
42. अंधकार, अंधेरा-3
43. द्रव मापने की इकाई-3
45. प्राचीर, स्तंभ-4
46. बादला, जरबाफ-4

ऊपर से नीचे

2. अधिकार-2
3. जगत, दुनिया-3
4. सुनसान शांति, -4
5. आदत-4
6. साजन, बालम-3
7. क्रमबद्धता-2
8. मूर्ख, बेवकूफ-4
11. बुनाई करने वाला-4
13. कटि, मध्यांग-3
16. धार्मिक आज्ञा-3
18. पितामह-2
20. कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21. चलने का ढ़ंग-2
23. पिया, साजन-3
24. दया, रहम-3
26. बेमिसाल, अनूठा-4
27. स्वदेश, मातृभूमि-3
28. जनता, आम लोग -2
30. मैं का बहुवचन-2
31. अभिरुचि, तल्लीनता-3
32. जनता की राय-4
34. उपाधि, पदवी-4
35. देहरी, चौखट-4
38. कक्ष, रूम-3
40. बटाणा, काबुली-3
42. स्तर, परत-2
44. ईश्वर, खुदा, भगवान-2

शब्द पहेली -4056 का हल

■	म	ल	म	ल	■	■	र	ह	न
चा	य	■	हा	■	जा	सू	स	■	शा	म
दु	■	■	रा	श	न	■	म	■	■	न
का	र	गु	जा	री	■	का	■	दु	का	न
र	■	ना	■	फ	न	का	र	■	फि	■
■	चा	ह	■	■	■	■	■	भ	ला	■
■	ह	■	अ	च	क	न	■	वं	■	अ
क	त	रा	■	भं	■	क	म	र	बं	द
म	■	■	ब	■	ला	ल	च	■	■	र
र	न	■	ल	की	र	■	ल	■	आ	क
■	म	ज	मा	■	■	अ	ना	या	स	■



बेमतलब की फिल्में नहीं करनी, तो ऐक्टिंग छोड़ दी

'फुकरे' फिल्म की एक्ट्रेस विशाखा सिंह ने हाल ही में अपनी वेब सीरीज 'रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब' को लेकर बात की है। उन्होंने कहा, 'माइनस 6 डिग्री में श्रीनगर में लड़के कांप रहे थे, पर पूरा स्टेडियम भरा हुआ था। लोग रियल कश्मीर के लिए गाने गा रहे हैं।'

पर्दे पर कश्मीर के अक्सर दो ही पहलू देखने को मिलते हैं। एक धरती के जन्नत की खूबसूरती तो दूसरा आतंकवाद, मगर वेब सीरीज 'रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब' इससे इतर वादी के युवाओं की अपनी नई पहचान और सम्मान तलाशने की एक प्रेरक दास्तान है। यही वजह है कि कश्मीर के पहले प्रफेशनल 'फुटबॉल क्लब' बनने की असल कहानी पर आधारित इस सीरीज को अंतरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड्स 2027 में बेस्ट ड्रामा कैटेगरी में नामित किया गया है। हालांकि, 'फुकरे' फेम चर्चित अदाकारा और इस शो की निर्माता विशाखा सिंह के लिए इसे बनाना आसान नहीं था। हर कदम पर चुनौतियां थीं, लेकिन वह कहती हैं कि उन्हें कश्मीर का उम्मीद भरा नया चेहरा दिखाती यह कहानी हर हाल में दर्शकों तक पहुंचानी' थी। फिर, जब ठान लिया तो कारवां बनता गया।


कश्मीर का ये चेहरा नया था

बकौल विशाखा, 'ये कहानी मेरे दोस्त और शो के राइटर उमंग व्यास और सिमाब हाशमी ने 2019 में सुनाई थी कि कश्मीर का सिर्फ 3 साल पहले बना ये फुटबॉल क्लब बड़े-बड़े क्लब को हरा रहा है। मुझे लगा कि ये कहानी तो सुनानी चाहिए। तब फरवरी के माइनस 6 डिग्री में ये लोग वहां रिसर्च के लिए गए। वहां से मैच का विडियो भेजा, जहां माइनस 6 डिग्री में श्रीनगर में लड़के कांप रहे थे, पर पूरा स्टेडियम भरा हुआ था। लोग रियल कश्मीर के लिए गाने गा रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'यह माहौल मेरे लिए इतना नया था कि लोग पेड़ पर चढ़कर मैच देख रहे हैं, क्योंकि कश्मीर सुनकर हमारे दिमाग में वही तनाव, जंग आता है। मेरे मन में ये था कि इसके राइट्स तो चाहिए और हमने क्लब के फाउंडर, जिसमें पत्रकार शमीर मेराज और व्यवसायी स्वर्गीय संदीप चट्टू से राइट्स लिए। फिर, मेरे दोस्त किलियन केरविन, जिन्होंने देल्ही क्राइम बनाई है, वे जुड़े। डायरेक्टर महेश मथाई जुड़े तो मुझे लगा कि हम सही राह पर हैं।'

बॉलिवुड में आशुतोष गोवारिकर की खेले हम जी जान से और फरहान अख्तर की फुकरे समेत साउथ सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री रहीं विशाखा सिंह इन दिनों पर्दे पर कम नजर आ रही हैं। इसकी वजह पूछने पर वह कहती हैं, 'मैंने करीब दस साल पहले ऐक्टिंग करना बंद कर दिया। असल में, 2012 से 2014 के दौर में मैंने नॉर्थ और साउथ मिलाकर 13-14 फिल्में कीं। मुझे तब समझ आया कि हां, मैं ऐक्टिंग कर सकती हूं, लेकिन उसके बाद मुझे जो स्क्रिप्ट मिल रही थीं, उससे मैं खुश नहीं थी और मैं बुरी फिल्मों के लिए याद की जाना नहीं चाहूंगी। मैं बेमतलब की, बिना सिर पैर की फिल्में नहीं कर सकती तो 2015 में मैंने खुद ऐक्टिंग करना बंद कर दिया।'

क्यों की 'फुकरे 2'

'फुकरे 2 इसलिए की, क्योंकि उसमें ज्यादा वक्त नहीं देना पड़ा। वरना मैं भूल चुकी हूं कि मैं ऐक्टर भी थी। सच कहूं तो ऐक्टिंग छोड़ने के बाद मैंने बहुत कुछ एक्सप्लोर किया। फिल्म बना ली, सीरीज बना ली, स्टार्ट अप शुरू किया तो मेरे लिए और बड़ी दुनिया खुल गई मेरे लिए।' बतौर निर्माता, पेडलर्स, हरामखोर, अटकन चटकन और रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब जैसा मीनिंगफुल कॉन्टेंट ही बनाने वाली विशाखा का कहना है, 'हर कलाकार, हर इंसान का एक झुकाव होता है कि उसे कैसा काम करना है। मेरा बचपन से रुझान रहा है कि अच्छा करो। खासकर जब आपके पास वो अच्छा करने की पावर हो। मुझे नहीं लगता कि मैं बिना मीनिंग के कोई फिल्म बना सकती हूं। ऐसा नहीं है कि मैं हमेशा सोशल मुद्दे वाली फिल्म ही बनाऊंगी, मगर वो ऐसी हो जो मैं, मेरा परिवार, मेरे माता-पिता सब देख सके, वो हमेशा रहेगा।'



क्या नए जोनर में कदम रखने जा रहे हैं आर्यन खान

शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान का शो 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' काफी चर्चा में रहा। अब आर्यन अपनी अगली सीरीज के लिए उभरते लेखकों की एक टीम तैयार कर रहे हैं। कैमरे के पीछे अपना सफर शुरू करने के बाद, अब वह कहानी कहने की नई प्रतिभाओं की तलाश कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि आर्यन खान सिर्फ निर्देशन और इसके क्रिएटिव विजन पर ध्यान देने के बजाय, अपकमिंग प्रोजेक्ट की लेखन प्रक्रिया में भी शामिल होना चाहते हैं।

आर्यन ने बनाई लेखकों की टीम

वैरायटी के मुताबिक आर्यन खान नए लेखकों को तलाश कर रहे हैं। इस पहल का मकसद ऐसे लेखकों को एक साथ लाना है, जिनके विचारों को भविष्य के स्ट्रीमिंग प्रोजेक्ट्स में बदला जा सके। कहा जा रहा है कि वह ऐसी कहानियों में दिलचस्पी रखते हैं जो आज के दौर का नजरिया पेश करें और युवा दर्शकों से जुड़ सकें।

प्रोजेक्ट पर हो रहा काम

यह कदम उनके पहले बड़े प्रोजेक्ट के बाद उठाया गया है, जिसमें उन्होंने शो-रनर, लेखक और निर्देशक के तौर पर काम किया था। हालांकि नई सीरीज के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, मगर नए लेखकों की तलाश से पता चलता है कि अभी इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। कास्ट, कहानी या प्रोडक्शन शेड्यूल के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।


आर्यन खान का सफर

निर्देशन में कदम रखने से पहले आर्यन खान ने 2019 में 'द लायन किंग' के हिंदी वर्जन में सिम्बा को अपनी आवाज दी थी। इसी वर्जन में शाहरुख खान ने मुफासा के लिए अपनी आवाज दी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहरुख खान को कुछ डायलॉग्स फिर से रिकॉर्ड करने पड़े थे, क्योंकि विशेषज्ञों ने गौर किया कि उनकी आवाज उनके बेटे की आवाज से बहुत ज्यादा मिलती-जुलती लग रही थी। 2024 में 'मुफासा: द लायन किंग' में आर्यन खान ने सिम्बा के रूप में वापसी की। शाहरुख खान ने एक बार फिर मुफासा को अपनी आवाज दी, जबकि अबराम खान भी हिंदी वॉयस कास्ट का हिस्सा बने। 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' से उन्होंने निर्देशन की दुनिया में कदम रखा।



फिल्म 'ओम' में साई पल्लवी के किरदार का खुलासा

निर्देशक राजकुमार पेरियासामी की बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर फिल्म 'ओम' सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म में तमिल स्टार धनुष और मलयालम सुपरस्टार ममूटी लीड रोल में नजर आएंगे। इसी बीच मेकर्स ने फैंस का इंतजार खत्म करते हुए अभिनेत्री साई पल्लवी के किरदार का खुलासा कर दिया है। हालांकि एक्ट्रेस का फर्स्ट लुक सोमवार शाम को रिलीज किया जाएगा। मेकर्स ने पहले ही बता दिया है कि वह फिल्म में एक पुलिस ऑफिसर के रोल में नजर आएंगी। बॉलीवुड स्टार नसीरुद्दीन शाह भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म के टाइटल के साथ 'चैप्टर 1' की टैगलाइन है, जिससे संकेत मिलता है कि इसका सीक्वल भी आ सकता है। कुछ समय पहले मेकर्स द्वारा रिलीज किए गए टाइटल टीजर से पता चला था कि कहानी लाल चंदन काटकर जीवन यापन करने वालों के इर्द-गिर्द घूमती है। धनुष खुद फिल्म में एक लकड़हारे की भूमिका में हैं। टीजर में दिखाया गया था कि पुलिसकर्मी अवैध रूप से लाल चंदन काट रहे लकड़हारों को पकड़ रहे हैं। जैसे ही वे बंदूक की नोक पर मजदूरों को बंधक बनाते हैं, धनुष उन्हें बचाने के लिए आता हुआ दिखाई देता है। फिल्म इस साल 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बता दें कि मेकर्स ने पहले फिल्म को 16 अक्टूबर को रिलीज करने का प्लान बनाया था। हालांकि, एक्टर धनुष ने एक बयान में फिल्म की रिलीज टालने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि उन्होंने सुपरस्टार रजनीकांत के सम्मान में फिल्म की रिलीज को टालने का फैसला किया है, रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' 15 अक्टूबर को रिलीज हुई है।धनुष ने यह भी साफ किया है कि उनकी फिल्म दिवाली पर भी रिलीज नहीं होगी क्योंकि उसी डेट पर सूर्या की फिल्म पहले से अनाउंस हो चुकी है। इसके बाद एक्टर और प्रोड्यूसर ने फिल्म की नई रिलीज डेट 20 नवंबर घोषित की। फिल्म को लेकर फैंस और सिनेमा लवर्स में जबरदस्त उत्साह है क्योंकि यह पहली बार है जब धनुष और ममूटी किसी प्रोजेक्ट में साथ काम कर रहे हैं।





तीन हफ्ते बाद काम पर लौटेंगे टाइगर श्रॉफ

अगली फिल्म की शूटिंग अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर जब से हमला हुआ है, तब से वह चर्चा में हैं। अब उनके काम से जुड़ी एक अपडेट आई है। उम्मीद जताई जा रही है कि अभिनेता अगले महीने, दिवाली के बाद अपकमिंग फिल्म 'लग जा गले' के सेट पर लौट सकते हैं। मुंबई के जुहू में हुई गोलीबारी की घटना के बाद, उनकी टीम ने कड़ी सुरक्षा का इंतजाम किया है।

क्या हैं सुरक्षा के इंतजाम

टाइगर श्रॉफ की सुरक्षा टीम और प्रोडक्शन टीम ने मिलकर एक योजना बनाई है, ताकि उनका शूटिंग शेड्यूल गुप्त रहे। उनके आने-जाने की जानकारी केवल कुछ चुनिंदा लोगों के साथ ही साझा की जाएगी। इसके अलावा, सेट पर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रोडक्शन टीम ज्यादा सावधानी बरत रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 18 अक्तूबर की घटना के बाद से टाइगर ने शूटिंग शुरू नहीं की है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि वह करण जौहर की फिल्म 'लग जा गले' के सेट पर लौट आए हैं, हालांकि ऐसा नहीं है। फिलहाल, अभिनेता अपने परिवार के साथ घर पर हैं और उम्मीद है कि त्योहारों के बाद अगले महीने वह फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू करेंगे। उनके पास कुछ और काम भी हैं, जो अपनी तय समय सीमा के हिसाब से आगे बढ़ रहे हैं।

'बॉर्डर 2' के बाद अहान शेट्टी को मिली रोमांटिक-एक्शन फिल्म

सुनील शेट्टी के बेटे और अभिनेता अहान शेट्टी फिल्म 'बॉर्डर 2' की सफलता के बाद एक बार फिर एक्शन के मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। अभिनेता अपनी अगली फिल्म 'सनकी' की शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन 'रुस्तम' फेम मशहूर निर्देशक टीनू सुरेश देसाई कर रहे हैं। ज्ञानेंद्र वासुदेव की तरफ से लिखी गई 'सनकी' मूल रूप से एक प्रेम कहानी है। इसमें दमदार और जबरदस्त एक्शन भी देखने को मिलेगा। फिल्म की शूटिंग 30 अक्तूबर से भोपाल में शुरू होगी।

सोच समझकर चुनी फिल्म

'बॉर्डर 2' में अपने अभिनय और फिल्म को मिली शानदार सफलता के बाद अहान ने अपने अगले प्रोजेक्ट्स का चयन काफी सोच-समझकर किया है। अब वह 'सनकी' में एक नया किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। इसके बाद वह विक्रम भट्ट की फिल्म '1920 कोल्ड विंटर' में नजर आएंगे। इसके अलावा उनकी कुछ अन्य फिल्मों की शूटिंग भी 2027 में शुरू होने वाली है। निर्देशक टीनू सुरेश देसाई अपनी विशाल टीम के साथ पहले ही भोपाल पहुंच चुके हैं। वह 30 अक्तूबर से शुरू होने वाली शूटिंग से पहले तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिलहाल फिल्म की कहानी और इसके विषय को गोपनीय रखा गया है।



आलिया-दीपिका को लेकर बोलीं राधिका





राधिका आप्टे इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'अक्का' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने बॉलीवुड में महिलाओं की स्थिति के बारे में बात की है। अभिनेत्री का कहना है कि हिंदी सिनेमा में महिला कलाकारों को अक्सर ऐसी फिल्मों में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिनमें पुरुष मुख्य भूमिका में होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि महिला-प्रधान फिल्मों के लिए एक अच्छी थिएट्रिकल रिलीज पाना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने आगे कहा कि कोई महिला-प्रधान फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तभी अच्छी शुरुआत कर सकती है, जब उसमें आलिया भट्ट या दीपिका पादुकोण जैसी बड़ी स्टार्स मुख्य भूमिका में हों। राधिका किस आधार पर चुनती हैं फिल्में?

राधिका आप्टे की हालिया फिल्में 'लस्ट स्टोरीज 3', 'साली मोहब्बत', 'मिसेज अंडरकवर' और 'मोनिका-ओ माय डार्लिंग' सीधे ओटीटी पर रिलीज हुई थीं। हालांकि राधिका का कहना है कि उन्होंने फिल्मों का चुनाव इस आधार पर नहीं किया कि वह सिनेमाघरों में रिलीज होंगी या ओटीटी पर। बातचीत में उन्होंने कहा, 'मैं इस आधार पर कोई प्रोजेक्ट नहीं चुनती कि वह सिनेमाघरों में रिलीज होगा या ओटीटी पर। मुझे इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता। मैं बस यही चाहती हूं कि फिल्म किसी न किसी तरह दर्शकों तक पहुंच जाए।'

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.-UPHIN/2023/86483, मो0.945688 4327, E-mail-officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।